मधुर आदि अनेक भेदों वाला जो छः प्रकारका रस है वह छहों प्रकारका रस तो केवल पृथ्वीमें ही रहता है। जलमें मधुर ही रस रहता है। इस लक्षणमें भी पहले लक्षणकी तरह दो रसोंमें रहनेवाली या रसनाशमें रहनेवाली द्रव्यत्वव्याप्य पृथिवीत्व जाति वाला होना ही अर्थ समझना चाहिए। दो रसवाले आम और एक रसवाले गुड़में लक्षण समन्वय है।

---

(१) ये सीधे घट में पाक नहीं मानते। इनका कहना है कि कुम्भारके आँवोंमें पड़ा हुआ घट नष्ट हो जाता है और प्रत्येक परमाणु में पाक होता है फिर नया घट उत्पन्न होता है। और जैसे घटमें कपालसमवायिकारण, दो कपालोंका संयोग असमवायिकारण और दण्डादिक निमित्तकारण है। वैसे आँवोंमें बननेवाले घटमें भी परमाणु समवायिकारण, तेजःसंयोग असमवायिकारण, अदृष्ट निमित्तकारण है। और द्व्यणुक आदिके रूपमें कारणका रूप ही असमवायिकारण है यह वैशेषिकोंका मत है। इन्हें पीलुपाकवादी भी कहा जाता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गन्धस्त्विति । द्विविध इति वस्तुस्थितिमात्रं, न द्विविधगन्धवत्त्वं लक्षणं, द्विविधत्वस्य व्यर्थत्वात् । द्वैविध्यं च सौरभासौरभभेदेन बोध्यम् ॥ ३५ ॥

स्पर्शस्तस्यास्तु विज्ञेयो ह्यनुष्णाशीतपाकजः ।

तस्याः पृथिव्याः । अनुष्णाशीतस्पर्शवत्त्वं वायोरपि वर्तत इत्युक्तं पाकज इति । इत्थं च पृथिव्याः स्पर्शोऽनुष्णाशीत इति ज्ञापनार्थं तदुक्तम् । वस्तुतस्तु पाकजस्पर्शवत्त्वमात्रं लक्षणम्, अधिकस्य वैयर्थ्यात् । यद्यपि पाकजस्पर्शः पटादौ नास्ति तथापि पाकजस्पर्शवद्वृत्तिद्रव्यत्वव्याप्यजातिमत्त्वमर्थो बोध्यः ।

अपेक्षाबुद्धिविशेषविषयत्वरूपद्वित्वघटितत्वेन गौरवानुसन्धाने अत्रापि रसनाशवद्वृत्तिद्रव्यत्वव्याप्यजातिमत्त्वमित्येवं लक्षणं बोध्यम् । यद्यपि षड्विधस्तु रसस्तत्रेति मूलेन षड्विधरसवद् वृत्तीत्याद्येव लक्षणं प्रतीयते, तथापि द्वित्वापेक्षया षट्त्वस्य गुरुत्वात्यक्तं मुक्तावलीकृतेति विज्ञेयम् ।

ननु गन्धस्य पृथिव्यामेव सत्त्वेन गन्धवत्त्वमात्रस्यैव लक्षणत्वं युक्तं न तु द्विविधगन्धवत्त्वस्येत्यत आह—द्विविध इति वस्तुस्थितिमात्रमिति ॥ ३५ ॥

पाकजस्पर्शवदिति । जलत्वमादाय जलादावतिव्याप्तिवारणाय वृत्त्यन्तम् । सत्तामादाय तत्रैवातिव्याप्तिवारणाय द्रव्यत्वव्याप्येति । जलपृथिव्युभयत्वमादाय तत्रैवातिव्याप्तिवारणाय जातीति । तत्रैवातिव्याप्तिवारणाय पाकजेति ।

पृथ्वीमें दो प्रकारके गन्ध रहते हैं । यह कहना भी केवल वस्तुस्थितिका कथन है न कि 'दो गन्धवाली होती है पृथ्वी' इस प्रकार पृथ्वीका लक्षण बताना । क्योंकि द्विविध पद का देना व्यर्थ हो जायगा । गन्ध सौरभ और असौरभ भेदसे दो प्रकार का होता है ॥ ३५॥

पृथ्वीका स्पर्श अनुष्णाशीत (न ठण्डा । न गरम) और पाक से जन्य होता है ।

इसकी व्याख्या करते हैं कि तस्याः = उस पृथ्वीका । अनुष्णाशीतस्पर्श वायुका भी है अतः 'पाकज' कहा गया है । वायुका स्पर्श पाकज नहीं होता । इस प्रकार पृथ्वीका स्पर्श अनुष्णाशीत होता है यह बताने मात्रके लिए अनुष्णाशीत विशेषण दिया । वास्तवमें पाकजन्य स्पर्शवाली पृथ्वी होती है इतना मात्र ही पृथ्वीका लक्षण होना चाहिए । अधिक विशेषण तो व्यर्थ है । यद्यपि पटमें स्पर्श पाकज नहीं रहता तथापि पाकजस्पर्शवालेमें रहनेवाली द्रव्यत्व व्याप्य पृथ्वीत्व जातिवाला होना ही इस लक्षणका तात्पर्य है । इस प्रकार पटमें पृथ्वीत्व जातिके रहनेसे लक्षण समन्वय हो गया ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नित्यानित्या च सा द्वेधा नित्या स्यादणुलक्षणा ॥ ३६ ॥
अनित्या तु तदन्या स्यात्सैवावयवयोगिनी ।
सा च त्रिधा भवेद्देहमिन्द्रियं विषयस्तथा ॥ ३७ ॥

सा पृथिवी द्विविधा, नित्या अनित्या चेत्यर्थः । अणुलक्षणा परमाणुरूपा पृथिवी नित्या । तदन्या परमाणुभिन्ना पृथिवी द्व्यणुकादिरूपा सर्वाऽप्यनित्येत्यर्थः । सैव—अनित्या पृथिव्येव, अवयववतीत्यर्थः ।

ननु अवयविनि किं मानं, परमाणुपुञ्जैरेवोपपत्तेः । न च परमाणूनामतीन्द्रियत्वाद्घटादेः प्रत्यक्षं न स्यादिति वाच्यम्, एकस्य परमाणोरप्रत्यक्षत्वेऽपि तत्समूहस्य प्रत्यक्षत्वात् । यथैकस्य केशस्य दूरेऽप्रत्यक्षत्वेऽपि तत्समूहस्य प्रत्यक्षत्वम् । न चैको घटः स्थूल इति बुद्धेरनुपपत्तिरिति वाच्यम्, एको महाधान्यराशिरितिवदुपपत्तेः ।

ननु पृथिवीत्वजातिमत्त्वमपि पृथिवीलक्षणं सम्भवति, तत्कथं स्यक्तमिति चेद् ?

वह पृथ्वी नित्य और अनित्य रूपसे दो प्रकार की होती है । परमाणुरूपा पृथ्वी नित्य और अन्या (कार्यरूपा) अनित्य है और यह ही अवययवाली भी है । पुनः अवयववती पृथ्वी तीन प्रकार की है एक शरीर, दूसरी, इन्द्रिय और तीसरी विषय ।

इसकी व्याख्या स्वयं करते हैं । वह पृथ्वी दो प्रकार की है एक नित्य और दूसरी अनित्य । परमाणुरूपा पृथ्वी नित्य है । और उससे (परमाणुसे) भिन्न पृथ्वी जो द्व्यणुकके रूपमें है वह सब अनित्य है । वह अनित्य पृथ्वी ही अवयववाली भी है ।

अवयववाली कहनेसे अवयवी पृथ्वी सिद्ध होती है । इस पर बौद्धोंका कहना है कि अवयवी माननेसे क्या लाभ जब कि परमाणुपुञ्जोंसे ही काम चल जाता है । इस पर यह शंका उठती है कि परमाणु तो इन्द्रियोंसे दिखाई नहीं पड़ते फिर परमाणुपुञ्ज घट भी प्रत्यक्ष नहीं होगा ? किन्तु यह ठीक नहीं है । क्योंकि एक परमाणुका भले ही प्रत्यक्ष न हो किन्तु परमाणु-समूहके प्रत्यक्ष होनेमें कोई बाधा नहीं है । जैसे एक केश (बाल) दूरसे नहीं दिखाई पड़ता फिर भी केशोंका, समूह दिखाई पड़ता है । हाँ, परमाणुपुञ्जवादियोंके मतसे एक घट स्थूल है, यह प्रतीति नहीं होगी यह शङ्का कर सकते हैं किन्तु जैसे एक एक धान्यसे बनी अनाजोंकी राशिको 'एक और बड़ी धान्यकी राशि है' इस प्रकार एक और बड़ा कहते है वैसे ही एक और स्थूल यह ज्ञान भी बन जायगा ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मैवं, परमाणोरतीन्द्रियत्वेन तत्समूहस्यापि प्रत्यक्षायोग्यत्वात्। दूरस्थकेशस्तु नातीन्द्रियः, सन्निधाने तस्यैव प्रत्यक्षत्वात्। न च तदानीमदृश्यपरमाणुपुञ्जाद् दृश्यपरमाणुपुञ्जस्योत्पन्नत्वाच्च प्रत्यक्षत्वे विरोध इति वाच्यम्, अदृश्यस्य दृश्यानुपादानत्वात्। अन्यथा चक्षु-रूष्मादिसन्ततेरपि कदाचित् दृश्यत्वप्रसङ्गात्। न चातितप्ततैला-कथमदृश्यदहनसन्ततेर्दृश्यदहनोत्पत्तिरिति वाच्यम्, तत्र तदन्त-पातिभिर्दृश्यैरेव दहनावयवैः स्थूलदहनोत्पत्तेरुपगमात्। न चादृश्येन द्व्यणुकेन कथं दृश्यत्रसरेणोरुत्पत्तिरिति वाच्यं, यतो न दृश्यत्वम-दृश्यत्वं वा कस्यचित्स्वभावादाचक्ष्महे किन्तु महत्त्वोद्भूतरूपादि-कारणसमुदायवशाद् दृश्यत्वं तदभावे चादृश्यत्वम्। तथा च त्रसरे-णोर्महत्त्वात्प्रत्यक्षत्वं न तु द्व्यणुकादेस्तदभावात्। न हि त्वन्मतेऽपि सम्भवतीदं, परमाणौ महत्त्वाभावात्। इत्थं चावयविसिद्धौ तेषामुत्पा-दविनाशयोः प्रत्यक्षसिद्धत्वादनित्यत्वम्।

न, पृथिवीत्वस्य लक्ष्यतावच्छेदकत्वेन लक्षणत्वासम्भवात्।

किन्तु बौद्धों का यह कहना ठीक नहीं। क्योंकि परमाणु अतीन्द्रिय है अतः उनका समूह भी प्रत्यक्षके योग्य नहीं है। यहाँ केशका दृष्टान्त नहीं, क्योंकि दूरमें स्थित केश अतीन्द्रिय नहीं है क्योंकि समीपमें उसका भी प्रत्यक्ष होता है। अदृश्यपरमाणुपुञ्जसे दृश्य परमाणुपुञ्जकी उत्पत्ति भी नहीं मानी जा सकती। क्योंकि अदृश्यसे दृश्यकी उत्पत्ति भी नहीं होती है। यदि मान लीजिए कि अदृश्यसे दृश्यकी उत्पत्ति होती है तब अनुद्भूतरूप वाले तेजरूप चक्षुका और उसमें रहनेवाली अनुद्भूत (अप्रकट) रूपवाली गर्मीकी परम्पराका भी कदाचित् प्रत्यक्ष होने की बात सिद्ध होने लगेगी। और न यह ही कहा जा सकता है कि अत्यन्त गरम तेल आदिमें अदृश्य अग्निकी धारासे दृश्य (ज्वालाके रूपमें) अग्निकी उत्पत्ति कैसे हो जाती है। क्योंकि उस गरम तेलमें भीतर जानेवाले दृश्य अग्निके अवयवोंसे ही स्थूल अग्निकी उत्पत्ति होती है। और यह भी शङ्का नहीं करनी चाहिए कि अदृश्य द्व्यणुकसे दृश्य त्रसरेणु की उत्पत्ति कैसे हो जाती है। क्योंकि कोई भी वस्तु स्वभावतः दृश्य या अदृश्य हो यह बात नहीं है किन्तु महत्त्व (महत्परिमाण) और उद्भूतरूप आदि कारण समुदायके होने पर दृश्यत्व और न होने पर अदृश्यत्व माना गया है। इसलिए त्र्यणुक का महत्परिमाण होनेसे प्रत्यक्ष होता है और द्व्यणुकका महत्परि-माणके न रहने से प्रत्यक्ष नहीं होता। तुम्हारे (बौद्धके) मतमें तो यह बात नहीं बन सकती, क्योंकि तुमने परमाणुपुञ्जका प्रत्यक्ष माना है जब कि उसमें प्रत्यक्षका कारण मह-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तेषां चावयवावयवधाराया अनन्तत्वे मेरुसर्षपयोरपि साम्यप्रसङ्गः। अतः क्वचिद्विश्रामो वाच्यः। यत्र तु विश्रामस्तस्यानित्यत्वेऽसमवेतभावकार्योत्पत्तिप्रसङ्ग इति तस्य नित्यत्वम्। महत्परिमाणतारतम्यस्य गगनादौ विश्रान्तत्वमिवाणुपरिमाणतारतम्यस्यापि क्वचिद्विश्रान्तत्वमस्तीति तस्य परमाणुत्वसिद्धिः। न च त्रसरेणावेव विश्रामोऽस्त्विति वाच्यं, त्रसरेणुः सावयवः चाक्षुषद्रव्यत्वात् घटवदित्यनुमानेन तदवयवसिद्धौ, त्रसरेणोरवयवाः सावयवाः महदारम्भकत्वात् कपालवदित्यनुमानेन तदवयवसिद्धेः। न चेदमप्रयोजकम्,

---

मेरुसर्षपयोरिति। साम्यं परिमाणतारतम्याभावः, परिमाणप्रचयकारणीभूतावयवसङ्ख्याया उभयत्र साम्यादिति भावः। न च मेर्ववयवानां सर्षपतुल्यपरिमाणवत्त्वं न तु सर्षपावयवानां सर्षपतुल्यपरिमाणवत्त्वमित्यवयवपरिमाणाद्विशेष इति वाच्यम् मेर्ववयवसर्षपावयवयोरप्यनन्तत्वेन तत्परिमाणतारतम्याभावस्याप्यापादनीयत्वात्।

त्पमाण है ही नहीं। इस प्रकार अवयवी जब सिद्ध हो गया तब उसके उत्पन्न और विनष्ट होनेके कारण उनका उत्पत्ति और विनाश भी प्रत्यक्ष सिद्ध है अतः अवयवी अनित्य सिद्ध होता है।

उस अवयव-धाराको अनन्त माननेसे मेरु पर्वत और सरसोंके परिमाणकी समानता हो जायगी। क्योंकि दोनों के अवयव अनन्त होंगे इसलिए कहीं विश्राम करना चाहिए। और जहाँ अवयवधाराकी समाप्ति होती है यदि उसे अनित्य माना जाय तो बिना समवायिकारण के भी भावकार्य की उत्पत्ति होने लगेगी। इसलिए अन्तिम अवयव को नित्य मानते हैं। जैसे महत्परिमाणके तारतम्यका आकाशादिमें विश्राम है वैसे अणुपरिमाणके न्यूनतर, न्यूनतमरूप तारतम्यका विश्राम जहाँ है वही परमाणु है।

यह नहीं कहना चाहिए कि त्रसरेणुमें ही तारतम्यका विश्राम है। क्योंकि अनुमानसे त्रसरेणुसावयव सिद्ध हैं (जैसे त्रसरेणु सावयव है चाक्षुषद्रव्य होनेसे, घट की तरह) इस अनुमानसे त्रसरेणुमें अवयव सिद्ध हुआ और इसी प्रकार 'त्रसरेणुके अवयव भी सावयव हैं, महत्के आरम्भक होनेके कारण, कपालकी भाँति इस अनुमानसे अवयवकी सिद्धि हो जाती है। अतः त्रसरेणु अन्तिम अवयव नहीं सिद्ध होता है। फिर त्रसरेणुके अवयव का अवयव परमाणु सिद्ध हुआ। और यह भी नहीं कहा जा सकता कि महदारम्भक रूपहेतु अप्रयोजक है (व्यभिचार शंकानिवर्तक तर्करहित है) क्योंकि अपकृष्टमहत्त्वके प्रति अनेक द्रव्यवत्त्व प्रयोजक (कारण) है। यहाँ अनेकद्रव्यवत्त्वका अर्थ अनेक द्रव्यसमवेतत्व नहीं है किन्तु अनेक द्रव्य समवेत समवेतत्व है। जैसे—अनेक द्रव्य परमाणुद्वय उसमें समवेत

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपकृष्टमहत्त्वं प्रत्यनेकद्रव्यवत्त्वस्य प्रयोजकत्वात्) न चैवं क्रमेण तदवयवधाराऽपि सिध्येदिति वाच्यम्, अनवस्थाभयेन तदसिद्धेरिति।

सा चेति। सा कार्यरूपा पृथिवी त्रिधा शरीरेन्द्रियविषयभेदादित्यर्थः॥ ३६-३७॥

तत्र देहमुदाहरति—

योनिजादि भवेद्देहमिन्द्रियं घ्राणलक्षणम्।
विषयो द्व्यणुकादिश्च ब्रह्माण्डान्त उदाहृतः॥ ३८॥

योनिजमयोनिजं चेत्यर्थः। योनिजमपि द्विविधं जरायुजमण्डजं च। जरायुजं मानुषादीनाम्। अण्डजं सर्पादीनाम्। अयोनिजं स्वेदजोद्भिज्जादिकम्। स्वेदजाः कृमिदंशाद्याः। उद्भिज्जास्तरुगुल्माद्याः। नारकिणां शरीरमप्ययोनिजम्।

अनेकद्रव्यवत्त्वस्येति। अनेकद्रव्यसमवेतत्वं नानेकद्रव्यवत्त्वं, द्व्यणुके महत्त्वोत्पादप्रसङ्गात्। किन्तु अनेकद्रव्यसमवेतत्वमेव तत्। समन्वयश्च अनेकद्रव्यं परमाणुद्वयं, तत्समवेतं द्व्यणुकं, तत्समवेतस्त्रसरेणुरिति बोध्यम्।

द्वाभ्यां परमाणुभ्यां द्व्यणुकं, त्रिभिर्द्व्यणुकैस्त्रसरेणुर्जायते इति प्रक्रिया। त्रसरेणुपदं च त्रिभिर्द्व्यणुकैरारब्धे रूढम्। यद्वा त्रिभिस्संहितो रेणुस्त्रसरेणुरिति पृषोदरादित्वात्साधुरिति बोध्यम्॥ ३६-३७॥

द्व्यणुक और उसमें समवेत त्रसरेणु। इसलिए द्व्यणुकमें महत्त्वकी उत्पत्ति नहीं हुई। इस प्रकार प्रयोज्य-प्रयोजकभाव ही अनुकूल तर्क है। इस प्रकार परमाणुओंमें अवयवोंकी धारा नहीं सिद्ध हो सकती क्योंकि तब तो अनवस्था हो जायगी। अतः अन्तिम अवयव परमाणु है यह सिद्ध हुआ।

वह कार्यरूपा पृथ्वी तीन प्रकारकी है शरीर, इन्द्रिय और विषयके भेदसे॥ ३६-३७॥

उनमें (तीनोंमें) देहका उदाहरण देते हैं।

योनिज और अयोनिज दो प्रकारके देह होते हैं। घ्राण आदि इन्द्रिय पृथ्वीके कहे गए हैं। विषय द्व्यणुकसे लेकर ब्रह्माण्ड तक है।

योनिज और अयोनिज दो प्रकारके देह होते हैं। योनिज देह भी दो प्रकारका है। एक जरायुज (गर्भकी झिल्लीसे जन्य) और दूसरा अण्डज (अण्डेसे उत्पन्न होनेवाला) जरायुज देह मनुष्य, पशु आदिके और अण्डज, देव, सर्प, पक्षी आदिके होते हैं। अयोनिज कई प्रकारके होते हैं। जैसे स्वेदज (पसीनासे उत्पन्न होनेवाले) जूका, लिक्ष, आदि

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न च मानुषादिशरीराणां पार्थिवत्वे किं मानमिति वाच्यं, गन्धादिमत्त्वस्यैव प्रमाणत्वात्। न च क्लेदोष्मादेरुपलम्भादाप्यत्वादिकमपि स्यादिति वाच्यं, तथा सति जलत्वपृथिवीत्वादिना सङ्करप्रसङ्गात्। न च तर्हि जलीयत्वादिकमेवास्तु न तु पार्थिवत्वमिति वाच्यं, क्लेदादीनां विनाशेऽपि शरीरत्वेन प्रत्यभिज्ञानाद् गन्धाद्युपलब्धेश्च पृथिवीत्वसिद्धेः। तेन पार्थिवादिशरीरे जलादीनां निमित्तत्वमात्रं बोध्यम्।

शरीरत्वं तु न जातिः, पृथिवीत्वादिना साङ्कर्यात्, किन्तु चेष्टाश्र-

---

जलत्वपृथिवीत्वादिना सङ्करप्रसङ्गादिति। पृथिवीत्वाभाववति तडागजले जलत्वं, जलत्वाभाववति घटे पृथिवीत्वं, मनुष्यशरीरे जलत्वपृथिवीत्वयोः समावेशात् परस्पराात्यन्ताभावसमानाधिकरणधर्मयोरेकत्र समावेशरूपसङ्करदोषप्रसङ्गः स्यादित्यर्थः।

शरीरत्वं तु न जातिः, पृथिवीत्वादिना साङ्कर्यादिति। पृथिवीत्वाभाववति जलीयशरीरे शरीरत्वं, शरीरत्वाभाववति घटादौ पृथिवीत्वं, मनुष्यशरीरे पृथिवीत्वशरीरत्वयोः समावेशात्सङ्करः स्यादित्यर्थः।

और उद्भिज्ज (भूमिको फोड़कर निकलनेवाले, जैसे पेड़, भूफोर, छत्राक आदि)। इसी प्रकार नारकियोंके देह भी अयोनिज ही हैं।

यहाँ यह पूछना ठीक नहीं कि मनुष्य आदिके देहके पार्थिव होनेमें क्या प्रमाण है? क्योंकि गन्धवत्त्व होना ही इसमें प्रमाण है। मनुष्यके देहमें पसीना (स्वेद) और उष्णता आदिके रहनेसे वह जलीय या तैजस भी नहीं कहा जा सकता। क्योंकि ऐसा माननेपर पृथ्वीत्व और जलत्व जाति से सङ्कर हो जायगा। जैसे जहाँ पृथिवीत्व नहीं है-उस सरोवरके जलमें जलत्व है और जहाँ जलत्व नहीं है उस घटमें पृथिवीत्व है किन्तु मनुष्य देहमें जलत्व और पृथिवीत्व दोनोंके होनेसे एक दूसरेके अत्यन्ताभावके अधिकरणमें रहनेवाले धर्मोंका कहीं एक स्थानपर रहना ही सांकर्य माना गया है। इसपर यह कहा जा सकता है कि मनुष्यका देह जलीय ही मान लिया जाय पार्थिव न माना जाय किन्तु यह ठीक नहीं, क्योंकि स्वेदके नष्ट हो जानेपर भी शरीरकी पहिचानसे ('यह वही देवदत्त है' इस प्रत्यभिज्ञात्मक ज्ञानसे) और गन्ध आदिकी प्राप्तिसे मनुष्यके देहको पार्थिव ही मानना चाहिए। इस प्रकार (मनुष्यदेहके पार्थिव सिद्ध हो जाने पर) उसमें जल, तेज, वायु और आकाशको निमित्तमात्र समझ लेना चाहिए।

किन्तु शरीरत्व जाति नहीं है। क्योंकि पृथिवीत्व आदिसे साङ्कर्य हो जायेगा। जैसे जहाँ पृथ्वीत्व नहीं है उस जलीय शरीरमें शरीरत्व है और शरीरत्व जहाँ नहीं है उस घटमें पृथ्वीत्व है। मनुष्य-शरीरमें पृथ्वीत्व और शरीरत्व दोनों रहनेसे सङ्कर हो जायेगा। इसलिए चेष्टाके आश्रयको शरीर कहते हैं। वृक्ष भी शरीरी है उसमें भी चेष्टा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यत्वम्। वृक्षादीनामपि चेष्टासत्त्वान्नाव्याप्तिः। न च वृक्षादेः शरीरत्वे किं मानमिति वाच्यम्, आध्यात्मिकवायुसम्बन्धस्य प्रमाणत्वात्। तत्रैव किं मानमिति चेद्? भग्नक्षतसंरोहणादिना तदनुमानात्। यदि हस्तादौ शरीरव्यवहारो न भवति तदाऽन्त्यावयवित्वेन विशेषणीयम्। न च यत्र शरीरे चेष्टा न जाता तत्राव्याप्तिरिति वाच्यं, तादृशे प्रमाणाभावात्। अथवा चेष्टावदन्त्यावयविवृत्तिद्रव्यत्वव्याप्यजातिमत्त्वम्, अन्त्यावयविमात्रवृत्तिचेष्टावद्वृत्तिजातिमत्त्वं वा तत्। मानुषत्वचैत्रत्वादिजातिमादाय लक्षणसमन्वयः।

अन्त्यावयवित्वेन विशेषणीयमिति। तथा च अन्त्यावयवित्वे सति चेष्टाश्रयत्वं शरीरत्वमिति लक्षणं निष्पन्नम्। अन्त्यावयवित्वं च द्रव्यानारम्भकद्रव्यत्वम्।

ननु घटादावपि क्रियासत्त्वात्तत्रातिव्याप्तिरेवेति चेत्? न, चेष्टापदेन हिताहितप्राप्तिपरिहारार्था क्रिया, न तु क्रियामात्रमित्यदोषात्।

मृतशरीरेऽव्याप्तिरत आह—अथवेति।

ननु मृतशरीरेऽपि पूर्वं चेष्टासत्त्वाल्लक्षणसमन्वयान्नाव्याप्तिरिति चेत्? न, यत्र मरणानन्तरं खण्डशरीरान्तरमुत्पन्नं तत्राव्याप्तिरित्याशयात्।

चेष्टावदिति। घटत्वमादाय घटेऽतिव्याप्तिवारणाय चेष्टावदिति। हस्तत्वमादाय हस्तेऽतिव्याप्तिवारणाय अन्त्यावयवेति।

होती है अतः अव्याप्ति दोष भी इस लक्षणमें नहीं है। यहाँ यह शङ्का करना उचित नहीं कि वृक्षके शरीर होनेमें क्या प्रमाण है? क्योंकि वृक्षमें भी अध्यात्म वायुका (प्राण वायुका) रहना ही प्रमाण है। वृक्षमें प्राणवायुके रहनेमें क्या प्रमाण है? इस प्रश्नका उत्तर तो स्पष्ट है, क्योंकि पेड़ोंके टूट जाने या घाव लग जाने पर उनका भराव (पूर्ति) हो जानेसे अनुमान द्वारा प्राणवायु मानते हैं। अनुमानका आकार—'वृक्षः प्राणवायुवान्, भग्नक्षतसंरोहणात्, मानवदेहवत्' यदि हाथ आदि अवयवोंमें देह शब्दका व्यवहार न होता हो तो 'अन्त्यावयवित्वे सति चेष्टाश्रयत्वम्' इतना बड़ा लक्षण मान लेना चाहिए। हाथ-पैर अन्त्यावयवी नहीं है अतः अतिव्याप्ति नहीं होती। अन्त्यावयवी पदका अर्थ है 'द्रव्यानारम्भकद्रव्यत्वम्' अर्थात् जो द्रव्य किसी द्रव्यको न आरम्भ करता हो। किन्तु घटके अन्त्यावयवी और क्रियाका आश्रय होनेके कारण इस लक्षणकी घटमें अतिव्याप्ति होगी, यह कहना ठीक नहीं, क्योंकि इस लक्षणमें 'चेष्टा' पदका अर्थ है 'हितकी प्राप्ति और अहितके परिहारके लिए क्रिया'। घटकी क्रिया इस प्रकार नहीं है अतः अतिव्याप्ति भी नहीं होती। यह भी शङ्का ठीक नहीं कि जिस शरीरमें चेष्टा नहीं उत्पन्न हुई है उसमें अव्याप्ति होगी। क्योंकि ऐसे चेष्टारहित देह होते ही नहीं हैं। यदि चेष्टारहित मृत देहमें अव्याप्ति कहा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न च नृसिंहशरीरे कथं लक्षणसमन्वयः, तत्र नृसिंहत्वस्यैकव्यक्तिवृत्तितया जातित्वाभावाज्जलीयतैजसशरीरवृत्तितया देवत्वस्यापि जातित्वाभावादिति वाच्यं, कल्पभेदेन नृसिंहशरीरस्य नानात्वेन नृसिंहत्वजात्या लक्षणसमन्वयात्।

इन्द्रियमिति। घ्राणेन्द्रियं पार्थिवमित्यर्थः। पार्थिवत्वं कथमिति चेत्? इत्थम्, (घ्राणेन्द्रियं पार्थिवं रूपादिषु मध्ये गन्धस्यैव व्यञ्जकत्वात्, कुङ्कुमगन्धाभिव्यञ्जकगोघृतवत्। न च दृष्टान्ते स्वकीयरूपा-

---

न च हस्तत्वं न जातिः, पृथिवीत्वादिना साङ्कर्यादिति वाच्यम्, पृथिवीत्वादिव्याप्यनानाघटत्ववत् पृथिवीत्वाद्व्याप्यनानाहस्तत्वाङ्गीकारेणादोषात्। सत्तामादायातिव्याप्तिवारणाय द्रव्यत्वव्याप्येति।

ननु तादृशपृथिवीत्वजातिमादाय घटादावतिप्रसङ्गो दुर्वार इत्यत आह—अन्त्यावयविमात्रवृत्तीति। अन्त्यावयविमात्रवृत्ति चेष्टावद्वृत्ति च मनुष्यत्वं चैत्रत्वं वा, तद्वत्वं चैत्रशरीरे इति लक्षणसमन्वयः। द्रव्यत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय प्रथमं वृत्त्यन्तम्। घटत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय द्वितीयं वृत्त्यन्तम्।

न च नृसिंहशरीर इति। बाल्ययौवनाद्यवस्थाभेदेन चैत्रशरीरस्य नानात्वेन चैत्रत्वस्य नैकव्यक्तिवृत्तित्वं नृसिंहशरीरस्य तु नित्यत्वेन नानात्वासम्भवादेकत्वमिति अनेकव्यक्तिवृत्तित्वाभावात् नृसिंहत्वं जातिरिति भावः।

जाय तो उक्त लक्षणका 'चेष्टावाले अन्त्यावयवोंमें रहनेवाली द्रव्यत्वव्याप्य जातिवाला होना' या 'अन्त्यावयवीमात्रमें रहनेवाली और चेष्टावालेमें रहनेवाली जातिवाला होना' यह तात्पर्य मान लेना चाहिए। मनुष्यत्व और चैत्रत्व जातिको मानकर लक्षण-समन्वय हो जायगा। हाँ 'यह शङ्का हो सकती है कि नृसिंहके शरीरमें लक्षण-समन्वय कैसे होगा? क्योंकि इस नृसिंह देहमें वर्तमान नृसिंहत्व तो एक व्यक्तिमें रहता है और जो एक व्यक्ति (विष्णुके अवतार) मात्रमें वृत्ति है वह जाति नहीं मानी जाती। देहके दोनों लक्षणोंमें 'जातिवाला हो' यह कहा गया है फिर नृसिंह देहमें किसी भी जातिके न रहनेसे इस लक्षणकी अव्याप्ति होगी और यदि देवत्व जातिके द्वारा काम चलाया जाय तो वह भी सम्भव नहीं, क्योंकि देवत्व भी जलीय देह और तैजसदेहमें रहनेके कारण जातिरूप नहीं माना जा सकता। ठीक, किन्तु कल्पके भेदसे अनेक कल्पोंके नृसिंह देह भी नाना (अनेक) हैं। अतः नृसिंहत्व जाति भी सिद्ध है फिर लक्षण-समन्वय होनेमें कोई बाधा नहीं है।

घ्राणेन्द्रिय पार्थिव है। घ्राणेन्द्रियके पार्थिव होनेमें क्या प्रमाण है? सुनिये, घ्राणेन्द्रिय पार्थिव है क्योंकि रूप आदि गुणोंमेंसे केवल गन्धकी ही व्यञ्जक है। जैसे कुङ्कुमके गन्धका व्यञ्जक गायका घी। इसपर यह शङ्का हो सकती है कि दृष्टान्त

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्व्यञ्जकत्वादसिद्धिरिति वाच्यं, परकीयरूपाद्यव्यञ्जकत्वस्य तदर्थत्वात्) न च नवशरावगन्धव्यञ्जकजलेऽनैकान्तिकत्वमिति वाच्यं, तस्य सक्तुरसाभिव्यञ्जकत्वात्। यद्वा परकीयेति न देयम्, वायूपनीतसुरभिभागस्य दृष्टान्तत्वसम्भवात्। न च घ्राणेन्द्रियसन्निकर्षस्य गन्धमात्रव्यञ्जकत्वात् तत्र व्यभिचार इति वाच्यं, द्रव्यत्वे सतीति विशेषणात्।

विषय इति। उपभोगसाधनं विषयः। 'सर्वमेव हि कार्यजातमदृष्टाधीनम्'। यत्कार्यं यददृष्टाधीनं तत्तदुपभोगं साक्षात्परम्परया वा जनयत्येव। न हि बीजप्रयोजनाभ्यां विना कस्यचिदुत्पत्तिरस्ति। तेन द्व्यणुकादिब्रह्माण्डान्तं सर्वमेव विषयो भवति। शरीरेन्द्रिययोर्विषयत्वेऽपि प्रकारान्तरोपन्यासः शिष्यबुद्धिवैशद्यार्थः ॥ ३८ ॥

घ्राणेन्द्रियसन्निकर्षस्येति। स्वसंयुक्तसमवायरूपस्येत्यर्थः। परकीयेति विशेषणप्रदेप एव पूर्वलक्षणे गौरवमिति बोध्यम् ॥ ३८ ॥

गायका भी उचित नहीं, क्योंकि घी केवल कुंकुमके गन्धका ज्ञापक नहीं है किन्तु अपने रूपका बोधक भी है। इसलिए असिद्धि दोष होगा, ठीक है. किन्तु तात्पर्य यह है कि दूसरेके रूप आदिका व्यञ्जक न होना। अपने रूपका व्यञ्जक न होना यह अर्थ नहीं है। इसलिए 'मिट्टीके नए वर्तन के गन्धके अभिव्यञ्जक जलमें उक्त हेतुका व्यभिचार होगा' यह कहना ठीक नहीं, क्योंकि जल सक्तुके रसका भी अभिव्यञ्जक होता है। अतः उक्त हेतु जलमें न रहनेके कारण व्यभिचारी नहीं है। इस लक्षणमें परकीय पद नहीं देना चाहिए और वायुसे उड़ाए हुए सुगन्धित अंशको दृष्टान्त बनाया जा सकता है: यह भी कहना उचित नहीं कि घ्राणेन्द्रियका जो गन्धके साथ स्वसंयुक्त समावायरूप सन्निकर्ष वह भी केवल गन्धमात्रका अभिव्यञ्जक है। उसमें भी उक्त हेतुका व्यभिचार होगा। अतः 'द्रव्यत्वे सति' यह विशेषण लगा देनेसे दोष हट जाता है। लक्षण का अन्तिमरूप 'द्रव्यत्वे सति गन्धमात्रव्यञ्जकत्वम्।' है

उपभोगके साधनको विषय कहते हैं 'समस्त कार्य 'अदृष्टके अधीन है' जो उत्पन्न हुई वस्तु जिस अदृष्टके अधीन है. वह उसके उपभोगको साक्षात् या परम्परा सम्बन्धसे अवश्य उत्पन्न करती है। क्योंकि बीज (कारण) और प्रयोजनके बिना किसीकी भी उत्पत्ति नहीं होती। इसलिए द्व्यणुकसे लेकर ब्रह्माण्ड तक जितने हैं सब विषय हैं। यद्यपि शरीर और इन्द्रिय भी विषय है पर शिष्योंकी बुद्धि बढानेके लिए उनको दूसरे प्रकारसे कहा गया है॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जलं निरूपयति—

वर्णः शुक्लो रसस्पर्शौ जले मधुरशीतलौ।
स्नेहस्तत्र, द्रवत्वं तु सांसिद्धिकमुदाहृतम् ॥ ३९ ॥

स्नेहसमवायिकारणतावच्छेदकतया जलत्वजातिः सिद्धयति। यद्यपि स्नेहत्वं नित्यानित्यवृत्तितया न कार्यतावच्छेदकं, तथापि जन्यस्नेहत्वं तथा बोध्यम्।

---

१ ननु जलत्वजातौ किम्प्रमाणम् 'इदं जलम् इदं जलम्' इति प्रतीतेः पामराणां हिमादिष्वभावादिति चेद् ? उच्यते—समवायेन स्नेहं प्रति तादात्म्येन जलं कारणमिति कार्यकारणभावात् समवायसम्बन्धावच्छिन्नस्नेहत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना जलनिष्ठा कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वात्, इत्यनुमानेन स्नेहसमवायिकारणतावच्छेदकविधया जलत्वं जातिः सिध्यति।

ननु स्नेहनिष्ठकार्यतावच्छेदकत्वं स्नेहत्वस्य न सम्भवति, अन्यूनानतिप्रसक्तधर्मस्यैव अवच्छेदकत्वनियमेन स्नेहत्वस्य नित्यानित्यवृत्तितया कार्यताऽतिरिक्तवृत्तित्वात्। एवं च स्नेहत्वावच्छिन्नकार्यत्वाप्रसिद्ध्या तन्निरूपितकारणतारूपपक्षाप्रसिद्धौ नोक्तानुमानसम्भव इति चेद् ? न, स्नेहत्वस्यातिप्रसक्तत्वेऽपि जन्यस्नेहत्वस्यानतिप्रसक्ततया समवायसम्बन्धावच्छिन्नजन्यस्नेहत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना जलनिष्ठा कारणता, किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना, कारणतात्वात् इत्यनुमानेन जलत्वजातिसिद्धिसम्भवात्। नन्वेवमपि परमाणौ जन्यस्नेहाभावेन जन्यस्नेहत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपितकारणतायास्तत्राभावेन जलत्वस्य कारणताऽतिरिक्तवृत्तितया न सिद्धिसम्भवः, किन्तु जन्यजलत्वस्यैव।

जलका निरूपण करते हैं।

जलमें वर्ण (रूप) शुक्ल, रस मधुर, स्पर्श शीतल, स्नेह तथा सांसिद्धिक (स्वाभाविक) द्रवत्व भी कहा गया है।

स्नेहकी समवायिकारणताके अवच्छेदकके रूपमें जलत्व जाति सिद्ध होती है। कहनेका तात्पर्य यह है कि जलत्व जाति भी अनुमानसे सिद्ध है। जैसे समवाय सम्बन्धसे स्नेहके प्रति तादात्म्य सम्बन्धसे जल कारण है। इस कार्यकारणभावसे 'समवायसम्बन्धावच्छिन्नस्नेहत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना जलनिष्ठा कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वात्' इस अनुमानमें स्नेहकी समवायिकारणतावच्छेदकके रूपमें जलत्व जाति सिद्ध होती है। यद्यपि जो धर्म न्यून या अधिक में न रहे वही धर्म अवच्छेदक होता है। इस नियमसे नित्य (परमाणु) और अनित्य (कार्य जल) में रहनेके कारण स्नेहत्व कार्यतावच्छेदक नहीं हो सकता। तथापि जन्य स्नेहत्वको कार्यतावच्छेदक

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ परमाणौ जलत्वं न स्यात्तत्र जन्यस्नेहाभावात्, नित्यस्य च स्वरूपयोग्यत्वे फलावश्यम्भावनियमादिति चेत्?

न जन्यस्नेहजनकतावच्छेदकतया जन्यजलत्वजातेः सिद्धौ, तदवच्छिन्नजनकतावच्छेदकतया जलत्वजातिसिद्धेः।

शुक्लरूपमेव जलस्येति दर्शयितुमुक्तं वर्णः शुक्ल इति। न तु शुक्लरूप-

---

न च स्वरूपयोग्यतारूपकारणतायास्तत्रापि सत्त्वमिति वाच्यम्, नित्यस्य स्वरूपयोग्यत्वे फलावश्यम्भावनियमेन स्वरूपयोग्यतारूपकारणताया अपि तत्रासम्भवादिति चेद्? न, जन्यस्नेहत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपितकारणतावच्छेदकविधया पूर्वोक्तानुमानेन जन्यजलत्वसिद्धौ समवायसम्बन्धावच्छिन्नजन्यजलत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना जलनिष्ठा कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना, कारणतात्वादित्यनुमानेन जलत्वजातिसिद्धिरित्यदोषात्।

नन्वेवमपि अन्त्यावयविनि जले जन्यजलत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपितकारणताया असत्त्वेन न तत्साधारणजलत्वजातिसिद्धिसम्भव इति चेद्? न, सर्वस्मिन्नपि जले जलान्तरसंयोगेन बृहज्जलजननयोग्यतासत्त्वाद् जलस्यान्त्यावयवित्वानुपगमेनादोषादिति दिक्।

न स्यिति। पृथिव्यादावतिव्याप्तेरिति शेषः। शुक्लरूपवत्त्वस्य लक्षणत्वेऽपि न

माननेमें कोई हानि नहीं होगी। अब यदि कहा जाय कि परमाणुमें जलत्व जाति नहीं होगी क्योंकि उसमें जन्य स्नेह नहीं है। यदि जन्यस्नेहरूप कार्यके प्रति जलीय परमाणुमें स्वरूपयोग्यतारूप कारणता मान भी लें तो उसमें कभी न कभी जन्यस्नेहकी उत्पत्ति होनी चाहिए। क्योंकि नियम है कि 'जहाँ कारण रहता है वहाँ फल अवश्य उत्पन्न होता है।' किन्तु यह ठीक नहीं क्योंकि जन्यस्नेहकी जन्यतासे निरूपित जो जन्यजलनिष्ठ जनकता उस जनकताका अवच्छेदक होनेके कारण जन्यजलत्व जातिके सिद्ध हो जाने पर उससे (जन्यजलमें रहनेवाली जन्यजलत्व जातिसे) अवच्छिन्न जो जन्यजलमें वृत्ति-जन्यता उस जन्यतासे निरूपित जो सकलजलनिष्ठ जनकता उसका अवच्छेदक होनेके कारण नित्य और अनित्य जलमें रहनेवाली जलत्व जातिकी सिद्धि भी हो जाती है। यदि जन्यजलमें रहनेवाली कार्यतासे निरूपिता कारणता अन्त्यावयवी जलमें नहीं रहेगी तो उसमें जलत्वजाति नहीं आयगी ऐसी शंका करते हो तो, समझ लीजिए कि अन्त्यावयवी माना ही नहीं जाता।

जलका रूप शुक्ल ही है यह बतानेके लिए 'वर्णः शुक्लः' यह कहा गया है। 'शुक्लरूपत्व जलका लक्षण है' यह इस वाक्यका अर्थ नहीं है। क्योंकि शुक्लरूप पृथ्वीमें भी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वत्त्वं लक्षणम् । अथवा नैमित्तिकद्रवत्ववदवृत्तिरूपवद्वृत्तिद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिमत्त्वम्, अभास्वरशुक्लेतररूपासमानाधिकरणरूपवद्वृत्तिद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिमत्त्वं वा तदर्थः । तेन स्फटिकादौ नातिव्याप्तिः ।

रसस्पर्शाविति । जलस्य मधुर एव रसः, शीत एव स्पर्शः । तिक्तरसवदवृत्तिमधुरवद्वृत्तिद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिमत्त्वं तदर्थः । तेन

हानिरित्याशयेनाह—अथवेति । पृथिव्यामतिव्याप्तिवारणाय नैमित्तिकद्रवत्ववदवृत्तीति । वायावतिव्याप्तिवारणाय रूपवद्वृत्तीति । पटत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय द्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्येति ।

ननु कारिकास्थशुक्लरूपपदयोर्लक्षणेऽप्रवेशेन कारिकाऽनानुगुण्यमित्यस्वरसादाह—अभास्वरशुक्लेति । पृथिवीत्वमादाय पृथिव्यामतिव्याप्तिवारणायासमानाधिकरणान्तम्, जलत्वस्य शुक्लरूपसामानाधिकरण्यसम्भवाद् असम्भव इति रूपे शुक्लेतरत्वं विशेषणम् । तेजस्त्वमादाय तेजस्यतिव्याप्तिवारणाय अभास्वरेति । वायुत्वमादाय वायावतिव्याप्तिवारणाय रूपवद्वृत्तीति । पटत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय साक्षादिति ।

न च पटे नीलरूपस्यापि अनुभवसिद्धत्वात्पटत्वमित्ययुक्तम् इति वाच्यम्, नीलपटे नीलं रूपं नीलयुक्तद्रव्यान्तरस्यैव न तु पटस्येत्यदोषात् । द्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यत्वं द्रव्यत्वव्याप्याव्याप्यत्वं, तच्च न पटत्वस्येत्यदोषः । जलघटान्यतरत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय जातीति ।

ननु शीतस्पर्शवत्त्वस्य जललक्षणत्वे शर्करादावतिव्याप्तिरत आह—तिक्तरसेति । पृथिवीत्वमादाय पृथिव्यामतिव्याप्तिवारणाय प्रथमं वृत्त्यन्तम् । तेजस्त्वादिमादायातिव्याप्तिवारणाय द्वितीयं वृत्त्यन्तम् । शर्करात्वमादायातिव्याप्तिवारणाय साक्षादिति । जलतेजोऽन्यतरत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय जातीति ।

रहता है । यदि आप शुक्लरूपवत्त्वको लक्षण ही मानना चाहते हो तो 'नैमित्तिक द्रवत्व (गुण) के अधिकरणमें न रहनेवाली और रूपके अधिकरणमें रहनेवाली द्रव्यत्वकी साक्षात् व्याप्य जातिवाला होना, अथवा अभास्वर शुक्लसे भिन्नरूपके साथ एक अधिकरणमें न रहनेवाली और रूपके अधिकरणमें रहनेवाली द्रव्यत्वकी साक्षात व्याप्य जातिवाला होना, शुक्लरूपवत्त्वका अर्थ माननेसे स्फटिक आदिमें अतिव्याप्ति नहीं होती है ।

जलमें मधुर ही रस रहता है और शीतल स्पर्श । यदि मधुर रस होनेके कारण शक्करमें अतिव्याप्तिकी शङ्का करते हो तो 'तिक्तरसवालेमें न रहनेवाली और मधुररसवालेमें रहनेवाली द्रव्यत्वकी साक्षात् व्याप्य जातिवाला होना' जलका लक्षण करनेसे शक्करमें अतिव्याप्ति नहीं होगी । क्योंकि वह पार्थिव है और उसमें रहनेवाली पृथ्वीत्वजातिमें

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शर्करादौ नातिव्याप्तिः। शीतेतरस्पर्शवदवृत्तिस्पर्शवद्वृत्तिद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिमत्त्वं तदर्थः।

(ननु—शुक्लरूपवत्त्वमेवेति कुतः, कालिन्दीजलादौ नीलिमोपलब्धेरिति चेद्—

न, नीलजनकतावच्छेदिकायाः पृथिवीत्वजातेरभावाज्जले नीलरूपासम्भवात्। कालिन्दीजले नीलत्वप्रतीतिस्त्वाश्रयौपाधिकी। अत एव वियति विक्षेपे धवलिमोपलब्धिः।)

अथ जले माधुर्यं किं मानम्? न हि प्रत्यक्षेण कोऽपि रसस्तत्रानुभूयते। न च नारिकेलजलादौ माधुर्यमुपलभ्यत एवेति वाच्यं, तस्याश्रयौपाधिकत्वात्। अन्यथा जम्बीररसादावम्लाद्युपलब्धेरम्लादिमत्त्वमपि स्यादिति चेद्?

न—हरीतक्यादिभक्षणस्य जलरसव्यञ्जकत्वात्। न च हरीतक्यामेव जलोष्मसंयोगाद्रसान्तरोत्पत्तिरिति वाच्यं, कल्पनागौरवात्।

शीतेतरेति। द्रव्यत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय शीतेतरस्पर्शवदवृत्तीति। आत्मत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय स्पर्शवद्वृत्तीति। अस्मिल्लक्षणे द्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्येति सम्पातायातम्।

तिक्तरस भी रहता है। शीतस्पर्शका अर्थ है 'शीतसे भिन्न प्रकारके स्पर्शवालेमें न रहनेवाली और स्पर्शके अधिकरणमें रहनेवाली द्रव्यत्वकी साक्षात् व्याप्य जातिवाला होना'।

अब प्रश्न यह उठता है कि जलमें शुक्ल ही रूप कैसे है? क्योंकि यमुनाके जलमें नीलिमा भी प्रकट होती है। ठीक है, किन्तु नीलरूपमें रहनेवाली जो कार्यतानिरूपित-कारणता उसका अवच्छेदक जो पृथ्वीत्व जाति वह जलमें नहीं है। अतः जलमें नीलरूप भी नहीं है। यमुनाके जलमें नीलरूपकी प्रतीति आश्रयकी (जलके आश्रय पृथ्वीकी) उपाधिसे (कारणसे) होती है। अतएव यमुनाके जलको आकाशमें उछालनेसे धवलता दिखाई पड़ती है।

जलमें मधुरता रहती है इसमें कोई प्रमाण नहीं है? क्योंकि प्रत्यक्षसे तो जलमें किसी भी रसका अनुभव नहीं होता। 'नारियलके रसमें जो मिठास है वह जलकी है' यह कहना ठीक नहीं। क्योंकि वह आश्रय (पृथ्वी) के कारण (उपाधि) से होती है। यदि यह स्वाद जलका मानते हो तो नींबूके रसमें खट्टापन रहनेसे जलमें खट्टा रस भी मानना पड़ेगा। किन्तु यह कहना ठीक नहीं है हर्रे खानेपर जलके रसकी प्रतीति होती

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पृथिवीत्वस्याऽम्लादिजनकतावच्छेदकत्वाच्च जले नाऽम्लादिकम्। जम्बीर-रसादौ त्वाश्रयौपाधिकी तथा प्रतीतिः।

एवं जन्यशीतस्पर्शजनकतावच्छेदकं जन्यजलत्वं तदवच्छिन्नजनकतावच्छेदकं तु जलत्वं बोध्यम्। घृष्टचन्दनादौ तु शैत्योपलब्धिश्चन्दनान्तर्वर्तिशीततरसलिलस्यैव। तेजःसंयोगाज्जले उष्णप्रतीतिरौपाधिकी स्फुटैव, तत्र पाकासम्भवात्।

स्नेहस्तत्रेति। घृतादावपि तदन्तर्वर्तिजलस्यैव स्नेहः, जलस्य स्नेहसमवायिकारणत्वात्। तेन जल एव स्नेह इति मन्तव्यम्।

द्रवत्वमिति। सांसिद्धिकद्रवत्वत्वं जातिविशेषः प्रत्यक्षसिद्धः।

एवं जन्यशीतस्पर्शेति। समवायसम्बन्धावच्छिन्नजन्यशीतस्पर्शत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना जन्यजलनिष्ठा कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना, कारणतात्वात् इत्यनुमानेन जन्यजलत्वजातिसिद्धौ, समवायसम्बन्धावच्छिन्नजन्यजलत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना जलनिष्ठा कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वात् इत्यनुमानेन जलत्वजातिः सिध्यतीति भावः।

है। इसमें जल और मुखकी गर्मीसे दूसरा रस उत्पन्न होता है यह कल्पना करनेमें गौरवके अतिरिक्त कोई लाभ नहीं। और स्नेह आदि रसोंका कारणतावच्छेदक पृथ्वीत्व है। इसलिए जलमें खट्टा रस नहीं रहता। जम्बीरी नीबूके रसका खट्टापन भी आश्रयके (पृथ्वीके) उपाधिसे (कारणसे) है।

इसी प्रकार जैसा पृथ्वीके बारेमें कहा गया है वैसे ही जन्यशीतस्पर्शका जनकतावच्छेदकजन्यजलत्व और उससे अवच्छिन्नजनकतावच्छेदक जलत्वको मानना चाहिए। घिसे हुए चन्दनमें जो शीतलता-प्रतीति होती है वह चन्दनके अन्तर्गत शीततर जलकी ही है। और अग्नि के संयोगसे जलका उष्णस्पर्श होना तो औपाधिक (कारणजन्य) है यह तो स्पष्ट है। क्योंकि जलमें पाक (नए प्रकारका गुण उत्पन्न करनेवाला तेजःसंयोग सम्भव ही नहीं है।

घीमें भी जो स्नेह (चूर्णको मिलानेका कारण) की प्रतीति होती है वह भी स्नेह जलका ही है। इसलिए स्नेह नामका गुण जलमात्रमें रहता है यह मानना चाहिए।

सांसिद्धिक (स्वाभाविक) द्रवत्वत्व एक जाति है जो प्रत्यक्ष सिद्ध है। इसलिए सांसिद्धिकद्रवत्वत्वावच्छिन्न कार्यतानिरूपित कारणताका अवच्छेदक भी जलत्व है। तेल आदिमें भी जो द्रवत्व है वह जलका ही है। तेलमें स्नेहकी इतनी अधिक मात्रा है कि यह

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदवच्छिन्नजनकतावच्छेदकमपि तदेवेति भावः। तैलादावपि जलस्य द्रवत्वं स्नेहप्रकर्षेण च दहनानुकूल्यमिति वक्ष्यति ॥ ३९ ॥

नित्यतादिं प्रथमवत्किन्तु देहमयोनिजम् ।
इन्द्रियं रसनं सिन्धुहिमादिर्विषयो मतः ॥ ४० ॥

प्रथमवदिति। पृथिव्या इवेत्यर्थः। तथा हि, जलं द्विविधं—नित्यमनित्यं च। परमाणुरूपं नित्यं, द्व्यणुकादिकं सर्वमनित्यमवयवसमवेतं च। अनित्यमपि त्रिविधं-शरीरेन्द्रियविषयभेदात्।

पृथिवीतो यो विशेषस्तमाह—किन्त्विति। देहमयोनिजम्, अयोनिजमेवेत्यर्थः। जलीयं शरीरं वरुणलोके प्रसिद्धम्।

इन्द्रियमिति। जलीयमित्यर्थः। तथाहि, रसनं जलीयं गन्धाद्य

तदेवेति। जन्यजलत्वमेवेत्यर्थः। तदवच्छिन्नजनकतावच्छेदकं जलत्वमिति भावः। स्नेहप्रकर्षेण च दहनानुकूल्यमिति। स्नेहो द्विविधः, घनीभूतः, अघनीभूतश्च तत्रादिमो दहनानुकूलः, परश्च दहनप्रतिकूल इति तत्त्वम्। एवम् तप्ततैलादौ घनीभूतस्य तस्य सत्त्वेन तत्र जलबिन्दुप्रक्षेपे सद्य एव ज्वालाजटिलस्याग्नेरुत्पत्तिः ॥३९

जलीयं शरीरमिति। तच्च पार्थिवावयवैरुपष्टब्धं बोध्यम्। तेन जलमात्रे हस्तपादादिव्यवस्थाया नानुपपत्तिः। एवं तेजःशरीरेऽपि बोध्यम्। पार्थिवशरीरेऽपि पिण्डविदर्शनाजलाद्युपष्टम्भोऽस्त्येवेति भावः।

अग्निके प्रतिकूल (अर्थात् बुझानेमें समर्थ) नहीं है। अतः अग्निके अनुकूल (अर्थात् उत्तेजक) है इसपर (स्नेहनिरूपणमें) आगे विचार किया जायगा ॥ ३९ ॥

(जलका) नित्यत्व आदि भेद पहले (पृथ्वी) के समान है परन्तु जलीय देह अयोनिज होता है। इन्द्रिय रसना है और विषय समुद्र और हिम आदि है।

स्वयं व्याख्या करते हैं—प्रथमवद् अर्थात् पृथ्वीकी तरह। जैसे जल दो प्रकारका है एक नित्य, दूसरा अनित्य। परमाणुरूप नित्य तथा द्व्यणुकादिक सब अनित्य और अवयवमें समवेत होकर रहते हैं। अनित्य जल भी तीन प्रकारका होता है—एक शरीर दूसरा इन्द्रिय और तीसरा विषय। पृथ्वीसे जलमें जो विशेषता है उसे कहते हैं। देह अयोनिज है अर्थात् अयोनिज ही है। जलीय देह वरुणलोकमें प्रसिद्ध है। और वह देह पृथ्वीके अवयवोंसे आच्छादित है। जिससे जलीय देह में भी हाथ-पैर आदिकी व्यवस्थायें ठीक पड़ती हैं।

रसनेन्द्रिय जलीय है। यह अनुमानसे सिद्ध है। जैसे रसना इन्द्रिय जलीय है क्योंकि

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अञ्जकत्वे सति रसव्यञ्जकत्वात् सक्तुरसाभिव्यञ्जकोदकवत्। रसनेन्द्रियसन्निकर्षे व्यभिचारवारणाय द्रव्यत्वं देयम्।

विषयं दर्शयति-सिन्धुहिमादिरिति। सिन्धुः समुद्रः। हिमं तुषारः। आदिपदात्सरित्कासारकरकादिः सर्वोऽपि ग्राह्यः। न च हिमकरकयोः कठिनत्वात्पार्थिवत्वमिति वाच्यम्, ऊष्मणा विलीनस्य तस्य जलत्वस्य प्रत्यक्षसिद्धत्वात्। 'यद् द्रव्यं यद्द्रव्यध्वंसजन्यमि'ति व्याप्तेर्जलोपादानोपादेयत्वसिद्धेः, अदृष्टविशेषेण वा द्रवत्वप्रतिरोधात्। करकादीनां काठिन्यं प्रत्ययस्य भ्रान्तित्वात्॥ ४०॥

तेजो निरूपयति—

उष्णः स्पर्शस्तेजसस्तु स्याद्रूपं शुक्लभास्वरम्।

ऊष्मणा विलीनस्य तस्येति। सप्तम्यर्थे षष्ठी। तथा च करकादिद्रव्ये नष्टे सति द्रव्यान्तरोत्पादानन्तरं द्रवत्वजलत्वयोः प्रत्यक्षम्। द्रव्यान्तरस्य च जलोपादानकत्वव। तदाह—यद् द्रव्यमिति। 'यद् द्रव्यं यद्द्रव्यध्वंसजन्य तत्तदुपादानोपादेयम्' इति व्याप्तिः। पार्थिवत्वाभावे काठिन्यप्रत्ययोपपत्तिमाह—अदृष्टेति॥ ४०॥

व्यञ्जक न होकर रसका व्यञ्जक है। जैसे सत्तुके रसका अभिव्यञ्जक जल। इस अनुमानसे रसना जलीय इन्द्रिय सिद्ध हुई। किन्तु उक्त हेतु रसनेन्द्रिय-सन्निकर्षमें भी है। अतः व्यभिचार होगा। क्योंकि रस और रसनेन्द्रियका जो सन्निकर्ष हैं वह भी गन्धका व्यञ्जक न होकर रसका व्यञ्जक है। इसलिए उक्त हेतु वाक्यमें द्रव्यत्व भी विशेषण लगाना चाहिए। जैसे 'गन्धाद्यव्यञ्जकत्वे सति द्रव्यत्वे सति रसव्यञ्जकत्वम्' यह हेतु निर्दुष्ट सिद्ध हुआ। क्योंकि सन्निकर्ष द्रव्य नहीं है।

विषयका विचार करते हैं—सिन्धुहिमादिः। सिन्धु = समुद्र। हिम = तुषार। आदि पदसे नदी, सरोवर और करका (आकाशसे गिरनेवाला ओला) आदि सब विषय हैं। कठिन होनेके कारण हिम और करका पार्थिव नहीं हो सकता क्योंकि गरमीसे जब वह पिघल जाता है तब जलत्व उसमें प्रत्यक्ष सिद्ध हो जाता है। जो द्रव्यके ध्वससे जन्य है वह द्रव्य उसके उपादानका (कारणका) उपादेय (कार्य) है। इस व्याप्तिके आधार पर जलके उपादान (कारण) का उपादेय (कार्य) होनेके कारण हिम आदि जलरूप ही सिद्ध हुआ। अदृष्ट विशेषसे द्रवत्व दब जाता है इसलिए ओलेमें जो ठोसपन है वह भ्रम है। वस्तुतः काठिन्य नहीं है॥ ४०॥

तेज का निरूपण करते हैं—

तेजका स्पर्श उष्ण (गरम) रूप भास्वरशुक्ल, द्रवत्व नैमित्तिक और नित्यता आदि पहलेके (पृथ्वी) समान ही है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नैमित्तिकं द्रवत्वं तु नित्यतादि च पूर्ववत् ॥ ४१ ॥

उष्णत्वं स्पर्शनिष्ठो जातिविशेषः प्रत्यक्षसिद्धः । इत्थं च जन्योष्ण-स्पर्शसमवायिकारणतावच्छेदकं तेजस्त्वं जातिविशेषः । तस्य परमा-णुवृत्तित्वं तु जलत्वस्येवानुसन्धेयम् ।

न चोष्णस्पर्शवत्त्वं चन्द्रकिरणादावव्याप्तमिति वाच्यं, तत्राप्युष्ण-त्वस्य सत्त्वात् । किन्तु तदन्तःपातिजलस्पर्शेनाभिभवादग्रहः । ए-रत्नकिरणादौ पार्थिवस्पर्शेनाभिभवाच्चक्षुरादौ चानुद्भूतत्वादग्रहः ।

रूपमित्यादि । वैश्वानरे मरकतकिरणादौ च पार्थिवरूपेणाभिभ-वाच्छुक्लरूपाग्रहः ।

तेजस्त्वं जातिविशेष इति । समवायसम्बन्धावच्छिन्नजन्योष्णस्पर्शत्वावच्छि-कार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना जन्यतेजोनिष्ठा कारणता सा किञ्चि-द्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वादित्यनुमानेन जन्यतेजस्त्वजातिसिद्धौ, समवायसम्बन्धाव-च्छिन्नजन्यतेजस्त्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना तेज-निष्ठा कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वादित्यनुमानेन तेजस्त्वं जाति-सिध्यतीति भावः ।

तेजके स्पर्शमें रहनेवाली प्रत्यक्ष सिद्ध एक जाति है जिसे उष्णत्व कहते हैं । इस प्रका-जन्य उष्णस्पर्शकी समवायिकारणताका अवच्छेदक तेजस्त्व एक जाति विशेष है । तेजस्-जाति भी अनुमानसे सिद्ध है । अनुमानाकार—समवायसम्बन्धावच्छिन्न-जन्योष्णस्पर्श-त्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्नजन्यतेजोनिष्ठा कारणता स-किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वात् इस अनुमानसे जन्यतेजस्त्व जाति सिद्ध हो गई । इस प्रकार तेजस्त्व जाति भी पूर्वकी भांति सिद्ध होती है । वह जन्यतेजस्त्व जाति जिस प्रका-परमाणुमें जाय वैसा उपाय पूर्व प्रकरणोंकी भांति करना चाहिये । इस उष्णस्पर्शवत्त्व-चन्द्रकिरणमें अव्याप्ति होगी यह नहीं कहना चाहिए । क्योंकि चन्द्रमामें भी उष्णत्व है किन्तु चन्द्रमाके बीजमें वर्तमान जलके स्पर्शसे दब जानेके कारण उसका ग्रहण नहीं होता । इसी प्रकार रत्नोंकी किरणें पार्थिवभागसे इतनी दबी हैं कि रत्नकी किरणों-वर्तमान तेजःस्पर्शका पता नहीं चलता और तैजस इन्द्रिय आंखके भी तेजका स्प-इसलिए नहीं होता कि उसमें स्पर्श अनुद्भूत है । वैश्वानर = अग्नि और मरकत मणि-किरणोंका रूप पार्थिवरूपसे अभिभूत (दबा) हैं इसलिए शुक्लरूपका ग्रहण नहीं होता ।

इस पर यह शङ्का होती है कि यदि मरकतमणि और अग्निके रूपका प्रत्यक्ष न-होता तब उस तेजरूपके धर्मी अग्नि और मणिका भी चाक्षुष प्रत्यक्ष नहीं होगा ? कि-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ननु तद्रूपाग्रहे धर्मिणोऽपि चाक्षुषत्वं न स्यादिति चेत्? न, अन्यदीयरूपेणापि धर्मिणो ग्रहसम्भवात्, शङ्खस्येव पित्तपीतिम्ना। वह्नेस्तु शुक्लरूपं नाभिभूतं किन्तु तदीयं शुक्लत्वमभिभूतमित्यन्ये।

नैमित्तिकमिति। सुवर्णादिरूपे तेजसि तत्सत्त्वात्। न च नैमित्तिकद्रवत्वं न लक्षणं दहनादावव्याप्तं घृतादावतिव्याप्तं चेति वाच्यं, पृथिव्यवृत्तिनैमित्तिकद्रवत्ववद्वृत्तिद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिमत्त्वस्य विवक्षितत्वात्।

पूर्ववदिति। जलस्येवेत्यर्थः। तथाहि, तद्-द्विविधं-नित्यमनित्यं

पृथिव्यवृत्तीति। नैमित्तिकद्रवत्ववद्वृत्तिपृथिवीत्वजातिमादाय पृथिव्यामतिव्याप्तिवारणाय पृथिव्यवृत्तीति। पृथिव्यवृत्तित्वमादाय जलेऽतिव्याप्तिवारणाय नैमित्तिकद्रवत्ववद्वृत्तीति। जलतेजोऽन्यतरत्वमादायातिव्याप्तिवारणाय जातीति। अत्र द्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्येति सम्पातायातम्॥ ३१॥

वस्तुतस्तु—वृत्तित्वं वृत्तिभेदेन भिन्नं 'सामान्याभावे प्रमाणाभाव' इति मते पृथिव्यवृत्तित्वपदेन पृथिवीनिरूपितसमवायसम्बन्धावच्छिन्नतत्तद्वृत्तित्वव्यक्तेरभावकूटो लक्षणे निवेशनीयः, तदनिवेश्य लाघवेन पृथिवीत्वनिष्ठवृत्तित्वव्यक्तेरभावमात्रं निवेश्य द्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यत्वनिवेशेनैव घटत्वद्रव्यत्वादिकमादाय लक्षणेऽतिव्याप्तिर्वारणीया। एवं च पृथिवीत्वव्यक्तिभिन्नत्वे सति नैमित्तिकद्रवत्ववद्वृत्तिद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिमत्त्वमिति निष्कर्ष इति वदन्ति।

रामरुद्रभट्टाचार्यास्तु—नैमित्तिकद्रवत्ववद्वृत्तिद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिमत्त्वमिति

यह शङ्का ठीक नहीं, दूसरेके रूपोंसे भी धर्मीका ग्रहण होता है। जैसे पित्तरोगसे उत्पन्न पीतिमा आंखमें है किन्तु शङ्ख पीला दिखाई पड़ता है। अग्निका शुक्लरूप अभिभूत नहीं है किन्तु उसके शुक्लत्वका अभिभव हुआ है। यह कुछ लोगोंका मत है।

अग्निमें नैमित्तिक द्रवत्व रहता है, जो नैमित्तिक द्रवत्व सुवर्णरूपी तेजमें है। अग्निमें अव्याप्ति और घी आदिमें अतिव्याप्ति होनेसे नैमित्तिकद्रवत्व यह लक्षण नहीं है। यह कहना ठीक नहीं। क्योंकि 'पृथ्वीमें न रहनेवाली और नैमित्तिकद्रवत्वके अधिकरणमें रहने वाली द्रव्यत्वकी साक्षात् व्यापक जातिवाला होना' यह 'नैमित्तिक द्रवत्व' का अर्थ मान लेनेसे कोई दोष नहीं है। तात्पर्य यह है कि सुवर्णको छोड़कर किसी अग्निमें नैमित्तिकद्रवत्व नहीं है। अतः जलानेवाले अग्निमें यह लक्षण न जायगा जिससे अव्याप्ति होगी। और घी आदि पृथ्वीमें नैमित्तिक द्रवत्व होने के कारण अतिव्याप्ति होगी। इसलिए उक्त अर्थ किया गया जिससे कहीं अतिव्याप्ति आदि नहीं होती।

पूर्ववत्का अर्थ है जलके समान। जैसे-तेज दो प्रकार का है एक नित्य और दूसरा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

च नित्यं परमाणुरूपम् । तदन्यदनित्यम् , अवयवि च । तच्च त्रिधा-शरीरेन्द्रियविषयभेदात् ; शरीरमयोनिजमेव । तच्च सूर्यलोकादौ प्रसिद्धम् ॥ ४१ ॥

अत्र यो विशेषस्तमाह—

इन्द्रियं नयनं, वह्निस्स्वर्णादिर्विषयो मतः ।

ननु चक्षुषस्तैजसत्वे किं मानमिति चेत् ? चक्षुस्तैजसं परकीयस्पर्शाद्यव्यञ्जकत्वे सति परकीयरूपव्यञ्जकत्वात् प्रदीपवत् ; प्रदीपस्य स्वीयस्पर्शव्यञ्जकत्वादत्र दृष्टान्तेऽव्याप्तिवारणाय प्रथमं परकीयेति। घटादेः स्वीयरूपव्यञ्जकत्वाद्व्यभिचारवारणाय द्वितीयं परकीयेति।

जातिपदस्य द्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिपरत्वेपि न निस्तारः । किन्तु पृथिव्यवृत्तीति विशेषणादेवेति सूचयितुं साक्षात्पदमिति वदन्ति ॥ ४१ ॥

अनित्य । नित्य परमाणुरूप है । और अनित्य कार्यरूप है और अवयववाला भी है । उसके और भी तीन भेद हैं शरीर, इन्द्रिय और विषय । तैजस शरीर अयोनिज है जो सूर्यलोकमें प्रसिद्ध है ॥ ४१ ॥

जलकी अपेक्षा जो तेजमें विशेषता है वह कहते हैं :—

तैजस इन्द्रिय नेत्र हैं । अग्नि, स्वर्ण आदि उसके विषय हैं ।

यदि आप पूछते हैं कि 'नेत्ररूपी इन्द्रिय तैजस है' इसमें क्या प्रमाण है तो सुनिए, अनुमानके द्वारा नेत्र तैजस इन्द्रिय सिद्ध होता है । जैसे नेत्र तैजस है । क्योंकि वह दूसरेके स्पर्शका व्यञ्जक न होकर दूसरेके रूपका व्यञ्जक है, प्रदीपके समान । यदि हेतु-वाक्यमें परकीय पद न दें तो दृष्टान्त प्रदीपमें अव्याप्ति होगी, क्योंकि प्रदीप अपने स्पर्शका व्यञ्जक है । अतः प्रथम परकीय पद दिया । इसी प्रकार हेतु-वाक्यमें द्वितीय परकीय पद न देने पर परकीय स्पर्शके अव्यञ्जक और अपने रूपके व्यञ्जक घटमें अतिव्याप्ति होती । अतः द्वितीय परकीय पद दिया । अथवा दीपको दृष्टान्त न बनाकर दीपककी प्रभाको दृष्टान्त मानने पर प्रथम परकीय पदके बिना भी कोई दोष नहीं है । इतना कहने पर भी नेत्र और घटके सन्निकर्षमें (संयोगमें) व्यभिचार (अतिव्याप्ति) होगी । अतः 'द्रव्यत्वे सति' इतना हेतुवाक्यमें और जोड़ देना चाहिए ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथवा प्रमाथा दृष्टान्तत्वसम्भवादाद्यं परकीयेति न देयम्। चक्षुः-सन्निकर्षे व्यभिचारवारणाय द्रव्यत्वं देयम्।

विषयं दर्शयति-वह्निरिति। ननु सुवर्णस्य तैजसत्वे किं मानमिति चेद्! न, सुवर्णं तैजसम्, असति प्रतिबन्धके अत्यन्तानलसंयोगेऽप्यनुच्छिद्यमानजन्यद्रवत्वात्, यन्नैवम् तन्नैवम्, यथा पृथिवीति। न चाप्रयोजकं पृथिवीद्रवत्वस्य जन्यजलद्रवत्वस्य चात्यन्ताग्निसंयोगनाश्यत्वात्।

ननु पीतिमगुरुत्वाश्रयस्य पार्थिवभागस्यापि तदानीं द्रुतत्वान्न

आद्यं परकीयेति न देयमिति। त्रसरेणोस्त्वाचप्रत्यक्षस्यानभ्युपगमेन 'स्पर्शाद्यव्यञ्जकत्वे सति रूपव्यञ्जकत्वस्य सत्वात्पार्थिवत्रसरेणौ [व्यभिचारवारणाय द्वितीयपरकीयं तु देयमेवेति ध्येयम्।

ननु सुवर्णं पार्थिवं नैमित्तिकद्रवत्ववत्वादित्यनुमानेन सुवर्णस्य पार्थिवत्वमेवास्तु कथं तैजसत्वमिति चेद्। उच्यते; सुवर्णं तैजसम्, असति प्रतिबन्धकेऽत्यन्तानल संयोगेऽप्यनुच्छिद्यमानद्रवत्वात् यन्नैवं तन्नैवं, यथा पृथिवीत्यनुमानेन सुवर्णे तैजसत्वसिद्धिः। न चात्र पीतरूपवद्द्रव्यात्मकस्य सुवर्णस्य पक्षत्वे बाधः तैजससुवर्णस्य पक्षत्वे अनुमानापूर्वं तैजससुवर्णस्याप्रसिद्ध्या पक्षाप्रसिद्धिः, सुवर्णपदवाच्यस्य पक्षत्वे धर्मशास्त्रे पीतद्रव्येऽपि सुवर्णपदप्रयोगाद्बाधतादवस्थ्यमिति वाच्यम्। असति प्रतिबन्धकेऽत्यन्तानलसंयोगे सति अनुच्छिद्यमानद्रवत्वाधिकरणस्यैव पक्षतयाऽदोषात्।

जलमध्यस्थघृतादौ व्यभिचारवारणाय असति प्रतिबन्धक इति। असति प्रतिबन्धके अनुच्छिद्यमानद्रवत्वादित्येतन्मात्रोक्तौ अग्नेरसमवधाने कथञ्चिदग्निसंयोगे वा अनुच्छिद्यमानद्रवत्वस्य घृतादौ सत्वेन व्यभिचारवारणाय-अत्यन्तानलसंयगेपीति।

विषय दिखाते हैं—अग्नि और सुवर्ण इत्यादि। अब शङ्का होती है कि सुवर्ण तैजस पदार्थ है इसमें प्रमाण क्या है? सुनिए, अनुमान प्रमाणसे सोना तेज सिद्ध हो जाता है। जैसे सुवर्ण तेज है, क्योंकि विना किसी प्रतिबन्धकके अत्यन्त अग्निसंयोग होने पर भी नष्ट न होनेवाले जन्यद्रवत्ववाला है। जो ऐसा नहीं है, वह तैजस भी नहीं है। जैसे पृथ्वी। और यह अनुमान व्यभिचार-शङ्कानिवर्तक अनुकूल तर्करहित भी नहीं कहा जा सकता है। ('असति प्रतिबन्धके अत्यन्तानलसंयोगेऽप्यनुच्छिद्यमानजन्यद्रवत्वं तैजसत्वव्यभिचारि न वा' यह व्यभिचारशङ्का है।) क्योंकि इस शङ्काका निवर्तक 'यदि असति प्रतिबन्धके अत्यन्तानलसंयोगेऽप्यनुच्छिद्यमानजन्यद्रवत्वं तैजसत्वव्यभिचारि स्यात् तर्हि क्वचित् पृथिव्यां जले वा उपलभ्येत। यह अनुकूल तर्क है। अर्थात् पृथ्वीका द्रवत्व और जन्यजलका द्रवत्व अत्यन्त अग्निके संयोगसे नष्ट हो जाता है।

अब यह शङ्का होती है कि सुवर्णमें तेजका आच्छादक जो पीतरूप और गुरुत्वका आश्रय पार्थिव भाग है वह भी सुवर्णके पिघलने पर पिघलता है फिर तो पार्थिव भागमें भी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

व्यभिचार इति चेत् ? न, जलमध्यस्थमषीक्षोदवत्तस्याद्रुतत्वात् ।

अपरे तु पीतिमाश्रयस्य अत्यन्ताग्निसंयोगेऽपि पूर्वरूपापरावृत्तिदर्शनात्तत्प्रतिबन्धकं विजातीयद्रवद्रव्यं कल्प्यते । तथा हि—अत्यन्ताग्निसंयोगे पीतिमगुरुत्वाश्रयः विजातीयरूपप्रतिबन्धकद्रवद्रव्यसंयुक्तः, अत्यन्ताग्निसंयोगे सत्यपि पूर्वरूपविजातीयरूपानधिकरणत्वात्, जलमध्यस्थपीतपटवत् । तस्य च पृथिवीजलभिन्नस्य तेजस्त्वनियमात् ।

ननु उच्छिद्यमानो द्रवो यस्य स उच्छिद्यमानद्रवः न उच्छिद्यमानद्रवः अनुच्छिद्यमानद्रवः तस्य भावस्तत्त्वमिति व्युत्पत्त्या उच्छिद्यमानद्रवत्वाधिकरणभिन्नत्वमिति हेतुर्लभ्यते । ततश्च गगने व्यभिचार इति चेद् ? न, न उच्छिद्यमानो द्रवो यस्य सोऽनुच्छिद्यमानद्रवः तस्य भावस्तत्त्वमिति व्युत्पत्त्या अनुच्छिद्यमानद्रवत्वाधिकरणत्वं हेतुर्लभ्यते, तादृशहेतोश्च गगनेऽसत्त्वेन व्यभिचाराभावात् ।

न चाप्रयोजकम् 'अग्नेरपत्यं प्रथमं हिरण्यम्' इति आगमस्य, पृथिवीद्रवत्वस्य जन्यजलद्रवत्वस्य च अत्यन्ताग्निसंयोगनाश्यतया सुवर्णद्रवत्वस्य चातथात्वानुभवस्य च अनुकूलतर्कस्य सत्त्वात् ।

जलमध्यस्थेति । क्षोदश्चूर्णम् ।

पूर्वानुमाने पीतिमगुरुत्वाश्रयस्य द्रुतत्वाद्व्यभिचारमाशङ्क्य तस्याद्रुतत्वेन समाहितमिदानीं पीतिमगुरुत्वाश्रयस्य द्रुतत्वमभ्युपगम्यापि समाधत्ते—अपरे तु इत्यादिना ।

ननु सुवर्णस्य तैजसत्वेऽन्धकारे कुतो न तद्ग्रहः, सुवर्णरूपालोकसंयोगसत्त्वादिति चेद् ? न, उद्भूतानभिभूतरूपालोकसंयोगस्यैव द्रव्यप्रत्यक्षे हेतुत्वात् सुवर्णरूपस्य त्वभिभूतत्वात् ।

ननु मूले—'अपाकजोऽनुष्णाशीतस्पर्शस्तु पवने मतः' इत्युक्तं, तेन अपाकजानुष्णाशीतस्पर्शवत्त्वं वायोर्लक्षणं गम्यते तच्च पटादावतिव्याप्तमिति चेद् ? न, पाकजस्पर्शवद्वृत्त्यनुष्णाशीतस्पर्शवद्वृत्तिद्रव्यत्वसाक्षाद्व्याप्यजातिमत्त्वस्य तदर्थत्वेनादोषात् ।

हेतु जानेसे व्यभिचार होगा । किन्तु यह ठीक नहीं । क्योंकि जलमें स्थित स्याहीके चूर्णकी भांति वह (पीतवर्ण और गुरुत्वका आश्रय पार्थिव भाग) गलत नहीं है । अतः व्यभिचार नहीं है ।

दूसरे लोग कहते हैं कि अत्यन्त अग्निके संयोग होनेपर भी सुवर्णमें स्थित पीतरूपके आश्रयके (पार्थिव भागके) पहिले रूपका परिवर्तन नहीं दिखाई देता इसलिए उसका (अर्थात् रूपपरिवर्तनका) प्रतिबन्धक कोई विजातीय (विलक्षण) द्रवद्रव्यकी कल्पना करनी होगी जो सुवर्ण है । वह कल्पना इस प्रकार है—'अत्यन्त अग्निके संयोग होने पर पीतवर्ण और गुरुत्वका आश्रय विजातीय रूपको रोकनेवाले द्रवद्रव्यसे संयुक्त है, क्योंकि

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वायुं निरूपयति—

अपाकजोऽनुष्णाशीतस्पर्शस्तु पवने मतः ॥ ४२ ॥
तिर्यग्गमनवानेष ज्ञेयः स्पर्शादिलिङ्गकः ।
पूर्ववन्नित्यताद्युक्तं देहव्यापि त्वगिन्द्रियम् ॥ ४३ ॥

अनुष्णाशीतस्पर्शस्य पृथिव्यामपि सत्त्वादुक्तमपाकज इति । अपाकजस्पर्शस्य जलादावपि सत्त्वादुक्तमनुष्णाशीत इति । तेन वायवीयो विजातीयः स्पर्शो दर्शितः । तज्जनकतावच्छेदकं वायुत्वमिति भावः ।

तज्जनकतावच्छेदकमिति । समवायसम्बन्धावच्छिन्नविजातीयस्पर्शत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिततादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना कारणता किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वात् इत्यनुमानेन वायुत्वं जातिः सिध्यतीति भावः । परमाणुवृत्तित्वं तु तस्य जलत्वस्येवानुसन्धेयम् ।

ननु स्पार्शनप्रत्यक्षे स्पर्शस्य कारणतास्वीकारकारिनव्यमते वायोः प्रत्यक्षत्वेऽपि बहिरिन्द्रियजन्यद्रव्यप्रत्यक्षे उद्भूतरूपस्य कारणत्वाभ्युपगन्तृप्राचीनमते वायोरप्रत्यक्षतया तत्र किं प्रमाणमिति चेत् ? उच्यते, विजातीयस्पर्शेन विलक्षणशब्देन तृणादीनां धृत्या शाखादीनां कम्पेन च वायोरनुमानसम्भव इति । तथाहि, योऽयं

अत्यन्त अग्निके संयोग होनेपर भी वह (पीतवर्ण और गुरुत्वका आश्रय) पूर्वरूपके बदलनेसे विजातीय रूपका आश्रय नहीं होता' जैसे जलके मध्यमें स्थित पीत वस्त्र । अतः पृथ्वी और जलसे भिन्न होनेके कारण सुवर्ण को तेज मानना ही चाहिये ।

वायुका निरूपण करते हैं ।

वायुमें अपाकज अनुष्णाशीत (न गरम न ठण्ढा) स्पर्श माना गया है । यह तिरछे बहता है इसके माननेमें स्पर्श हेतु है । वायुकी नित्यता और अनित्यता जलके समान है केवल भेद इतना है कि वायवीय इन्द्रिय त्वक् है जो देहभरमें व्याप्त रहती है ।

यदि 'अनुष्णाशीतस्पर्शवत्व' को वायुका लक्षण करें और अपाकज पद न दें तो पृथिवीमें भी ऐसे स्पर्शके रहनेसे अतिव्याप्ति होगी । अतः 'अपाकज' पद दिया । 'अपाकजस्पर्शवत्व' मात्र लक्षण करनेसे जलमें अतिव्याप्ति होगी । अतः 'अनुष्णाशीत' पद दिया गया । इस प्रकार वायुमें विलक्षण स्पर्श कहा गया है । (किन्तु इतने पर भी यह लक्षण पटमें अतिव्याप्त होगा, क्योंकि पटका स्पर्श भी अपाकज तथा अनुष्णाशीत है । इसलिये पाकजस्पर्शके अधिकरणमें न रहनेवाली और अनुष्णाशीत स्पर्शके अधिकरणमें रहने वाली द्रव्यत्वसे साक्षात् व्याप्य जातिवाला होना ही उक्त लक्षणका अर्थ माना गया है ।) अपाकज अनुष्णाशीतस्पर्शनिष्ठजन्यतानिरूपित जनकता वायुमें है और जनकतावच्छेदक वायुत्व है ।

Kirtikanṭ Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एष वायुः स्पर्शादिलिङ्गकः। वायुर्हि स्पर्शशब्दधृतिकम्पैरनुमीयते विजातीयस्पर्शेन, विलक्षणशब्देन, तृणादीनां धृत्या, शाखादीनां कम्पेन च वायोरनुमानात्। यथा च वायोर्न प्रत्यक्षं तथाऽग्रे वक्ष्यते।

रूपवद्द्रव्यासमवेतः स्पर्शः स क्वचिदाश्रितः स्पर्शत्वात् पृथिवीसमवेतस्पर्शवत्। पृथिव्यादिस्पर्श सिद्धसाधनवारणाय रूपवद्द्रव्यासमेवत इति विशेषणम्।

एवम् असति रूपवद्द्रव्याभिघाते योऽयं पर्णादिषु शब्दसन्तानः स स्पर्शवद्वेगवद्द्रव्यसंयोगजन्यः अविभज्यमानावयवद्रव्यसम्बन्धिशब्दसन्तानत्वात् दण्डाभिहतभेरीशब्दसन्तानवत्। पृथिव्याद्यभिघातजन्ये सिद्धसाधनवारणायासतीति·पदविशेषणम्। विभागजन्मनि शब्दे व्यभिचारणवारणाय हेतावविभज्यमानेति।

वायुत्व जातिसिद्धिके अनुमानका आकार समवायसम्बन्धावच्छिन्नविजातीयस्पर्शत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिततादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्ना या कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वात्। इस अनुमानसे वायुत्व जाति सिद्ध होती है। यद्यपि यह लक्षण परमाणुरूप वायुमें नहीं है तथापि जैसे जलत्वको परमाणुवृत्ति होनेके लिए कहा गया है वैसे अनुमान समझ लेना चाहिए।

यद्यपि स्पार्शन प्रत्यक्षमें स्पर्शको कारण माननेवाले नवीन नैयायिक वायुको प्रत्यक्ष मानते हैं किन्तु बहिरिन्द्रियसे द्रव्यके प्रत्यक्ष होनेमें उद्भूत (प्रकट) रूप होना ही प्राचीन नैयायिकोंने कारण माना है जिससे वायुका प्रत्यक्ष नहीं माना जा सकता। अतः वायु कैसे सिद्ध हो? यह प्रश्न हो सकता है तथापि वायुका स्पर्शरूप हेतुसे (१) अनुमान करते हैं। क्योंकि वायुका स्पर्श, शब्द, धृति और कम्पन आदि हेतुओंसे अनुमिति करते हैं। अर्थात् विलक्षण स्पर्शसे, विलक्षण शब्दसे, तृण आदिके धारण से, शाखा आदिके कम्पनसे वायुका अनुमान होता है। वायु प्रत्यक्ष नहीं है यह हम आगे कहेंगे।

---

(१) जैसे—'जो यह रूपवाले द्रव्यमें समवायसम्बन्धसे रहनेवाला स्पर्श है उसका कोई आश्रय है स्पर्शरूप गुण होनेके कारण, पृथ्वी में समवायसम्बन्धसे रहनेवाले स्पर्शकी भाँति'। इसी प्रकार किसी रूपवाले द्रव्यके आघातके विना जो पत्तोंमें शब्दकी परम्परा है, वह स्पर्शवाले और वेगवाले द्रव्यके संयोगसे जन्य है, क्योंकि जिनके अवयवोंमें विभाग नहीं हो रहा है उस द्रव्यसे सम्बद्ध शब्दपरम्परा होनेके कारण, दण्डेसे आहत भेरीकी शब्दपरम्पराके समान। इसी प्रकार आकाशमें तृण, रूई, मेघ और विमानोंका धारण किसी स्पर्शवाले और वेगवाले द्रव्यके संयोगके कारण है, हम लोगोंसे अनधिष्ठित-द्रव्यके धारण करनेके कारण, नौकाके धारणके समान। इसी प्रकार रूपवाले द्रव्यके आघातके बिना तृण आदिमें क्रिया है वह स्पर्शवाले और वेगवाले द्रव्यके आघातसे जन्य है विजातीय क्रिया होनेके कारण नदीमें बहते हुए तृणकी क्रियाकी भाँति। यह चारों प्रकार के अनुमानका आकार है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्ववदिति । वायुर्द्विविधो नित्योऽनित्यश्च । परमाणुरूपो नित्यस्तदन्योऽनित्योऽवयवसमवेतश्च । सोऽपि त्रिविधः, शरीरेन्द्रियविषयभेदात् । तत्र शरीरमयोनिजं पिशाचादीनाम् । परन्तु जलीयतैजसवायवीयशरीराणां पार्थिवभागोपष्टम्भादुपभोगक्षमत्वं जलादीनां प्राधान्याज्जलीयत्वादिकमिति ।

अत्र यो विशेषस्तमाह—देहव्यापीति । शरीरव्यापकं स्पर्शग्राहकमिन्द्रियं त्वक् । तच्च वायवीयं, रूपादिषु मध्ये स्पर्शस्यैवाभिव्यञ्जकत्वात् अङ्गसङ्गिसलिलशैत्याभिव्यञ्जकव्यजनपवनवत् ॥ ४२-४३ ॥

विषयं दर्शयति—

प्राणादिस्तु महावायुपर्यन्तो विषयो मतः ।

यद्यप्यनित्यो वायुश्चतुर्विधः, तस्य चतुर्थी विधा प्राणादिरित्युक्तमाकरे, तथापि सङ्क्षेपादत्र त्रैविध्यमुक्तम् । प्राणस्त्वेक एव हृदादिनाना-

---

एवम्, नभसि तृणतूलस्तनयित्नुविमानादीनां धृतिः स्पर्शवद्वेगवद्द्रव्यसंयोगहेतुका अस्मदाद्यनधिष्ठितद्रव्यधृतित्वात् नौकाधृतिवत् । जलादिगततृणादौ सिद्धसाधनवारणाय नभसीति । प्रयत्नवदात्मसंयोगहेतुकधृतौ व्यभिचारवारणायास्मदादीति ।

एवम्, रूपवद्द्रव्याभिघातमन्तरेण तृणे कर्म स्पर्शवद्वेगवद्द्रव्याभिघातजन्यं विजातीयकर्मत्वात् नद्युपराहतकाष्ठादिकर्मवदिति ॥ ४१-४२ ॥

आकरे इति । प्रशस्तपादभाष्यादावित्यर्थः ।

पूर्ववत् पदकी व्याख्या करते हैं—वायु दो प्रकारका होता है एक नित्य और दूसरा अनित्य । परमाणुरूप नित्य है और उससे भिन्न (कार्यरूप) अनित्य है जो अपने कारणरूप अवयवोंमें समवाय सम्बन्धसे रहता है । अनित्य भी तीन प्रकारका है—शरीर, इन्द्रिय और विषयके भेदसे । उसमें शरीर तो अयोनिज है जैसे पिशाच आदिका । परन्तु जलीय, तैजस और वायुसे उत्पन्न शरीरोंमें पार्थिवभागभी आच्छादक है जिससे उपभोगका सामर्थ्य आता है । जलीय शरीर इसलिए कहते हैं कि उसमें जलकी प्रधानता है ।

इसमें जो विशेषता है उसे कहते हैं कि देहव्यापी । शरीरमें व्यापक और स्पर्शके ग्राहक इन्द्रियको त्वक् कहते हैं । वह वायवीय है, क्योंकि रूपादिकोंमेंसे केवल स्पर्शका ही व्यञ्जक है । देहसे मिलनेवाले पानीकी शीतलता बतानेवाले पंखेके वायुके समान ॥४२-४३॥

विषयको दिखाते हैं—

प्राणादिसे लेकर महावायु पर्यन्त वायुका विषय माना गया है । यद्यपि अनित्य वायु चार प्रकारका है और उसका चौथा प्रकार प्राणादि (प्राण, अपान, समान, उदान और

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्थानवशान्मुखनिर्गमादिनानाक्रियावशात् नानासञ्ज्ञां लभत इति। आकाशं निरूपयति—

आकाशस्य तु विज्ञेयः शब्दो वैशेषिको गुणः ॥ ४४ ॥

आकाशकालदिशामेकैकव्यक्तित्वादिकं न जातिः। किन्तु आकाशत्वं शब्दाश्रयत्वम्। वैशेषिक इति कथनं तु विशेषगुणान्तरव्यवच्छेदाय। एतेन प्रमाणमपि दर्शितम्। तथाहि, शब्दो विशेषगुणः चक्षुर्ग्रहणायोग्यबहिरिन्द्रियग्राह्यजातीयत्वात् स्पर्शवत्। शब्दो द्रव्यसमवेतो

स्थानवशादिति।

'हृदि प्राणो गुदेऽपानः समानो नाभिसंस्थितः।
उदानः कण्ठदेशस्थो व्यानः सर्वशरीरगः॥'

इत्यभियुक्तोक्तेरिति भावः।

आकाशं निरूपयतीति। निपूर्वकरूपयतेः प्रतिपत्त्यनुकूलव्यापारोऽर्थः, तिबर्थः कृतिः। आकाशपदोत्तरद्वितीयाया विषयताऽर्थः। तथा च आकाशनिष्ठविषयतानिरूपकप्रतिपत्त्यनुकूलव्यापारानुकूलवर्तमानकालिककृतिमान् एकत्वावच्छिन्नो ग्रन्थकार इति बोधः।

कालत्वं दिक्त्वं न जातिरित्यग्रे कथने गौरवमतो लाघवेन युगपदेव कथयति—आकाशकालेति।

शब्दाश्रयत्वमिति। आश्रयता चात्र समवायेन। तेन कालिकसम्बन्धेन शब्दस्य काले सत्त्वेऽपि न क्षतिः।

ननु आकाशस्य शब्दो गुण इत्येव कथनेन सिद्धे वैशेषिकपदस्य वैयर्थ्यमाशङ्क्याह—वैशेषिक इतीति। शब्दो द्रव्यमिति मीमांसकमतनिरासाय गुणपदम्।

नन्वाकाशसद्भावे किम्मानमिति चेद्? उच्यते, शब्दः अष्टद्रव्यातिरिक्तद्रव्याश्रितः

व्यान) है यहाँ आकरमें (प्रशस्तपादभाष्यमें) लिखा है। तथापि संक्षेपसे यहाँ तीन प्रकार ही कहे गए हैं। प्राणवायु तो एक ही है फिर भी हृदय आदि अनेक स्थानोंमें रहनेसे तथा मुख आदिसे निकलनेकी अनेक क्रियाओंके कारण अनेक संज्ञायें हो गई हैं।

आकाशका निरूपण करते हैं—

'आकाशका विशेषगुण शब्द है' ऐसा जानना चाहिए। आकाश, काल और दिशायें एक-एक व्यक्ति हैं अतः आकाशत्व आदि (कालत्व और दिक्त्व) जाति नहीं हैं। किन्तु 'शब्दका आश्रय होना' ही आकाशत्व है। मूलमें 'वैशेषिक' यह कहनेका तात्पर्य है कि आकाशमें शब्दके अतिरिक्त कोई भी विशेष गुण नहीं रहता। और इसीसे आकाशके अस्तित्वमें अनुमान प्रमाण भी दिखा दिया गया है। वह इस प्रकार है—शब्द विशेषगुण है, क्योंकि नेत्रसे ग्रहण करनेके अयोग्य और बहिरिन्द्रियसे ग्रहण करने योग्य

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुणत्वात् संयोगवत् इत्यनुमानेन शब्दस्य द्रव्यसमवेतत्वे सिद्धे शब्दो न स्पर्शवद्विशेषगुणः अग्निसंयोगासमवायिकारणकत्वाभावे सत्यकारणगुणपूर्वकप्रत्यक्षत्वात् सुखवत्। पाकजरूपादौ व्यभिचारवारणाय सत्यन्तम्। पटरूपादौ व्यभिचारवारणायाकारणगुणपूर्वकेति। जलपरमाणुरूपादौ व्यभिचारवारणाय प्रत्यक्षेति। शब्दो न दिक्कालमनसां गुणो विशेषगुणत्वात्। नात्मविशेषगुणो बहिरिन्द्रियग्राह्यत्वाद्रूपवत्। इत्थं च शब्दाधिकरणं नवमं द्रव्यं गगननामकं सिध्यति।

अष्टद्रव्यानाश्रितत्वे सति द्रव्याश्रितत्वादित्यनुमानेन आकाशसिद्धिरिति। न च विशेषणासिद्धिरिति वाच्यम्, शब्दो न स्पर्शवद्विशेषगुणः अग्निसंयोगासमवायिकारणकत्वाभावे सति अकारणगुणपूर्वकत्वे सति प्रत्यक्षत्वात् सुखवत्। शब्दो न दिक्कालमनसां गुणः विशेषगुणत्वात् रूपवत् नात्मविशेषगुणः बहिरिन्द्रियग्राह्यत्वात् रूपवत् इत्यनुमानैरष्टद्रव्यानाश्रितत्वसिद्ध्या विशेषणासिद्ध्यभावात्। न च विशेषगुणत्वस्य शब्देऽसिद्धत्वाद् द्वितीयानुमाने स्वरूपासिद्धिरिति वाच्यम्। शब्दो विशेषगुणः चक्षुर्ग्रहणयोग्यबहिरिन्द्रियग्राह्यजातिमत्त्वात् स्पर्शवदित्यनुमानेन शब्दे विशेषगुणत्वसिद्ध्या स्वरूपासिद्ध्यभावात्।

न च शब्दे द्रव्याश्रितत्वासिद्ध्या आकाशसाधकहेतोर्विशेष्यासिद्धत्वमिति वाच्यम्, शब्दो द्रव्यसमवेतः गुणत्वात् संयोगवदित्यनुमानेन द्रव्याश्रितत्वसिद्धेः विशेष्यासिद्ध्यभावात्।

जातिवाला है; स्पर्शके समान। इससे शब्दको विशेष गुण सिद्ध किया। फिर—शब्द द्रव्यमें समवायसम्बन्धसे रहता है क्योंकि वह गुण है, संयोगके समान। इस अनुमानसे शब्दका द्रव्यमें समवेत होना सिद्ध हो जानेपर अनुमान करते हैं कि शब्द, स्पर्शवाले किसी (द्रव्य) का विशेषगुण नहीं है, क्योंकि शब्द अग्निसंयोग नामक असमवायिकारणवाला न होनेपर भी अकारणगुणपूर्वक है और प्रत्यक्ष है, सुखके समान। पाकजरूपमें व्यभिचार रोकनेके लिए 'सति' तक लक्षणमें प्रविष्ट किया। अन्यथा अकारणगुणपूर्वक प्रत्यक्षत्व पृथ्वीके पाकजरूपमें भी रहनेके कारण दोष होगा। पटके रूपमें व्यभिचार-वारणके लिए 'अकारणगुणपूर्वक' का प्रवेश किया। जलपरमाणुरूपमें व्यभिचारवारण के लिए 'प्रत्यक्ष' पद दिया। इसके बाद फिर अनुमान करते हैं कि शब्द; दिशा, काल और मनका गुण नहीं है क्योंकि विशेषगुण है। आत्माका विशेषगुण नहीं है क्योंकि वह (शब्द) बाह्य इन्द्रिय (कर्णसे) ग्रहण करने योग्य है, जैसे 'रूप'। इस प्रकार शब्दगुणका अधिकरण (आठ द्रव्योंके अतिरिक्त) नवाँ द्रव्य आकाश सिद्ध होता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न च वाय्ववयवेषु सूक्ष्मशब्दक्रमेण वायौ कारणगुणपूर्वकः शब्द उत्पद्यतामिति वाच्यम्, (१) अयावद्द्रव्यभावित्वेन वायुविशेषगुणत्वाभावात् ॥ ४४ ॥'

तत्र शरीरस्य विषयस्य चाभावादिन्द्रियं दर्शयति—

इन्द्रियं तु भवेच्छ्रोत्रमेकः सन्नप्युपाधितः ।

नन्वाकाशं लाघवादेकं सिद्धं श्रोत्रं तु पुरुषभेदेन भिन्नं कथमा-

---

ननु शब्दस्य वायुगुणत्वमेवास्त्वित्याशङ्कते—न च वाय्ववयवेष्विति ॥ ४४ ॥

जन्यानां जनक इति। एतेन कालिकसम्बन्धावच्छिन्नकार्यत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपितमधिकरणतया निमित्तत्वं काललक्षणं फलितम्। कालिकसम्बन्धावच्छिन्नेति निवेशाद्दिशि, अधिकरणतयेति दानादृष्टेश्वरयोर्नातिव्याप्तिः।

नन्वेवमात्माश्रयः, कालिकपदस्य स्वरूपसम्बन्धविशेषपरत्वेनादोषात्?

ननु कार्यमात्रं प्रति कालस्य निमित्तकारणत्वे किंमानमिति चेत्? तदुत्पत्त्यधिकरणस्य तदुत्पत्तिहेतुत्वं, तदुत्पत्तिहेतोश्च तद्धेतुत्वमिति नियम एवेति गृहाण। कालस्य कार्योत्पत्त्यधिकरणत्वं तु 'अद्य घटो भविष्यति' 'श्वः घटो भविता' इति प्रत्ययात्।

न च तत्तत्कार्यविशेषं प्रति तत्तत्कालविशेषस्य हेतुत्वसिद्धावपि कार्यसामान्ये न कालस्य हेतुत्वसिद्धिरिति वाच्यम्, 'यद्विशेषयोस्तत्सामान्ययोरपीति' न्यायेन कार्यमात्रे कालस्य हेतुत्वसिद्धेः।

वायुके अवयवोंमें ही सूक्ष्म शब्दके क्रमसे वायुमें ही कारणगुणपूर्वक शब्द उत्पन्न हो जायगा यह शङ्का करना ठीक नहीं है। क्योंकि शब्द 'अयावद्द्रव्यभावी (अर्थात् सम्पूर्ण द्रव्यमें व्यापकरूपसे न रहनेवाला) होनेसे वायुका विशेष गुण नहीं हो सकता ॥ ४४ ॥

आकाशसम्बन्धी शरीर और विषयके न होनेके कारण केवल इन्द्रियको दिखा रहे हैं।

आकाशकी इन्द्रिय श्रोत्र है। यद्यपि आकाश एक है फिर भी उपाधिके भेदसे श्रोत्र आदि अनेक नामोंसे भिन्न-भिन्न कहा जाता है।

अब प्रश्न यह उठता है कि अनेक आकाश माननेमें गौरव होनेके भयसे लाघव देखकर एक आकाश माना गया। किन्तु श्रोत्र तो एक-एक पुरुष-भेदसे भिन्न भिन्न है।

---

(१) यावद्द्रव्यस्थितिकालस्थितिकत्वं यावद्द्रव्यभावित्वम्। यथा पृथिव्या गन्धादिगुणाः। शब्दस्तु न तथा आश्रयस्याकाशस्य सत्त्वेऽपि नाशात्। अतः अयावद्द्रव्यभावित्वमत अतो न वायुगुण इति भावः।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

काशं स्यादिति चेत्तत्राह—एकः सन्नपीत्यादि। आकाश एक एव सन्नपि उपाधेः कर्णशष्कुल्यादेर्भेदाद् भिन्नं श्रोत्रात्मकं भवतीत्यर्थः।

कालं निरूपयति— ✓

जन्यानां जनकः कालो जगतामाश्रयो मतः ॥ ४५ ॥

तत्र प्रमाणं दर्शयितुमाह—जगतामिति। तथाहि 'इदानीं घट' इत्यादिप्रतीतिः सूर्यपरिस्पन्दादिकं यदा विषयीकरोति, तदा सूर्यपरि-

---

न च कार्यमात्रे कालस्य हेतुता न सम्भवति स्वसमवेतद्वित्वपृथक्त्वादिकं प्रति कालस्य समवायिकारणतया समवायिकारणभिन्नत्वघटितस्य निमित्तकारणत्वस्य कालेऽसत्त्वादिति वाच्यम्, कालस्य समवायसम्बन्धेन द्वित्वादिकं प्रति समवायिकारणत्वेऽपि कालिकसम्बन्धेन निमित्तत्वानपायात् समवायिकारणत्वासमवायिकारणत्वभिन्नं कारणत्वं निमित्तकारणत्वमिति लक्षणात्।

ननु कालसद्भावे किम्मानमत आह—जगतामाश्रय इति। कालः सर्ववानिति प्रतीत्या जगदाश्रयत्वेन कालः सिद्ध्यतीति भावः।

ननु एवं प्रतीतिर्दिग्विषयिण्येवास्तु अतिरिक्तकालकल्पने मानाभावादिति चेत्? न, प्रत्ययान्तरेण कालसिद्धौ प्रकृतप्रतीतिबलेन कालस्य जगदाधारत्वं कल्प्यत इत्याशयात्। कालसाधक प्रमाणान्तरं किमिति चेद्? 'इदानीं घटः' इति प्रतीतिरेवेति गृहाण।

न च 'इदानीं घटः' इति प्रतीतिः सूर्यपरिस्पन्दमेव विषयीकरोति न कालमिति वाच्यम्, तावतापि सूर्यपरिस्पन्दस्य घटादिना सम्बन्धो वाच्यः स च संयोगो न सम्भवति 'द्रव्ययोरेव संयोग' इति नियमात्। नापि समवायः अन्यनिष्ठक्रियाया अन्यत्र समवायासम्भवात्। अपि तु स्वाश्रयतपनसंयोगिसंयोग एव। एवञ्च स्वं

तब आकाश एक माननेसे कार्य कैसे चल सकता है। किन्तु इसका उत्तर मूलमें ही दिया गया है कि आकाशके एक होने पर भी 'कर्णशष्कुली' आदि उपाधियों के भेदसे श्रोत्रके रूपमें आकाश भिन्न-भिन्न माना जाता है।

कालका निरूपण करते हैं—

उत्पन्न होनेवाले समस्त पदार्थोंका निमित्त कारण काल है और वह ही समस्त विश्वका (जगत्का) आधार भी है।

ग्रन्थकार कालमें प्रमाण दिखानेके लिए 'जगताम्' यह वाक्य कहा है। जैसे—'इस समयका घट' यह ज्ञान सूर्यके परिस्पन्दको (गतिको) जब विषय करता है। तब सूर्यकी गतिसे घटका सम्बन्ध कहना चाहिए। वह सम्बन्ध सयोग तो हो नहीं सकता क्योंकि द्रव्योंमें ही संयोग होता है। समवाय भी नहीं हो सकता क्योंकि सूर्यकी गतिका घटमें

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्पन्दादिना घटादेः सम्बन्धो वाच्यः। स च सम्बन्धः संयोगादिर्न सम्भवतीति काल एव तत्सम्बन्धघटकः कल्प्यते। इत्थं च तस्याश्रयत्वमपि सम्यक्॥ ४५॥

प्रमाणान्तरं दर्शयति—

परापरत्वधीहेतुः क्षणादिः स्यादुपाधितः।

परत्वापरत्वबुद्धेरसाधारणं निमित्तं काल एव। परत्वापरत्वयोरसमवायिकारणसंयोगाश्रयो लाघवादतिरिक्तः काल एकः कल्प्यत इति भावः।

सूर्यक्रिया तदाश्रयः तपनः (सूर्यः) तत्संयोगी कालः यत्संयोगो घटे इति सम्बन्धघटकतया कालः सिध्यतीत्याशयात्।

न च सम्बन्धघटकसंयोगिपदेनाकाशादिकमेव गृह्यतां, तथा च नातिरिक्तकालसिद्धिरिति वाच्यम्, आकाशदिगात्मनां विनिगमनाविरहेणातिरिक्तैककालस्यैव संयोगिपदेन ग्रहणादित्यलम्॥ ४५॥

परत्वापरत्वादिबुद्धेरिति। अयं भावः—कालिकपरत्वापरत्वे सासमवायिकारणके भावकार्यत्वात् घटादिवत् इत्यनुमानेन कालिकपरत्वापरत्वयोरसमवायिकारणं कालपिण्डसंयोगः सिध्यति इति तादृशसंयोगाश्रयतया कालसिद्धिरिति।

न च पृथिवीपिण्डसंयोगस्यैव परत्वापरत्वयोरसमवायिकारणत्वं कल्प्यतां, तथा च न कालसिद्धिरिति वाच्यम्, पृथिव्यसंयुक्तपदार्थेऽपि कालिकपरत्वापरत्वयोरुत्पादेन व्यभिचारात्।

ननु तथाप्याकाशदिगात्ममनोभिर्यः पिण्डसंयोगस्तस्यैव परत्वापरत्वयोरसमवायिकारणत्वमास्तां किं कालकल्पनयेत्यत आह—लाघवादिति।

समवाय नहीं रह सकता। इसलिए स्वाश्रयतपनसंयोगिसंयोग ही सम्बन्ध है। जैसे स्व = सूर्यक्रिया, उसका आश्रय तपन (सूर्य) उनसे संयोगी काल उसका संयोग घटमें। इस प्रकार काल ही सम्बन्ध बनानेवाला माना जाता है। इसी प्रकार व्यापक कालका सब पदार्थोंके साथ संयोग और कालसम्बन्धी प्रतीति होनेके कारण वह जगतका आधार भी सिद्ध होता है॥४५॥

कालकी सिद्धिमें प्रमाणान्तर दिखलाते हैं—

(कालकृत) परत्व और अपरत्व (यह छोटा है यह बड़ा है) बुद्धिका असाधारण कारण भी काल ही है। वह काल उपाधिके भेदसे क्षण आदिके रूपमें अनेक व्यवहृत होता है।

परत्व और अपरत्वरूप ज्ञानका असाधारण निमित्तकारण काल ही है। (तात्पर्य यह है कि कालकृत परत्व और अपरत्वके, समवायिकारण हैं, क्योंकि 'यह भाव कार्य है, घटके समान' इस अनुमानसे कालकृत) परत्व और अपरत्वका असमवायिकारण जो संयोग-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नन्वेकस्य कालस्य सिद्धौ क्षणदिनमासवर्षादिसमयभेदो न स्यादत आह—

क्षणादिरिति । कालस्त्वेकोऽप्युपाधिभेदात्क्षणादिव्यवहारविषयः । उपाधिस्तु स्वजन्यविभागप्रागभावावच्छिन्नं कर्म, पूर्वसंयोगावच्छिन्न-विभागो वा, पूर्वसंयोगनाशावच्छिन्नोत्तरसंयोगप्रागभावो वा, उत्तर-संयोगावच्छिन्नं कर्म वा ।

अयम्भावः । विनिगमनाविरहेण लाघवादतिरिक्त एकः कालः कल्प्यते इति ।

स्वजन्येति । इदमत्राकूतम् क्रिया, क्रियातो विभागः, 'विभागात्पूर्वसंयोगनाशः, तत उत्तरदेशसंयोगः, ततः क्रियानाशः, इति । एवं च स्वं क्रिया तज्जन्यविभागप्राग-भावविशिष्टकर्मणः उपाधित्वाङ्गीकारेण क्रियोपलक्षितकालस्य प्रथमक्षणत्वम् ।

न च क्रियायाः क्षणचतुष्टयं स्थितिसम्भवात् तावत्कालस्यापि क्षणत्वापत्ति-रिति वाच्यम् । विभागाद्यधिकरणकालस्य क्रियाजन्यविभागप्रागभावानधिकर-णत्वेनापादात् । स्वजन्यविभागप्रागभावमात्रस्योपाधित्वाङ्गीकारे विभागप्राग्वर्तिक्षणेषु क्षणत्वापत्तिरतः क्रियेत्युक्तम् ।

पूर्वसंयोगेति । विभागमात्रस्योपाधित्वे विभागोत्तरकालेऽपि द्वितीयक्षणत्वापत्तिः । पूर्वसंयोगमात्रस्य तथात्वे च विभागपूर्वकालेऽपि द्वितीयक्षणत्वापत्तिः । उभयोपादाने तु पूर्वसंयोगविभागयोरधिकरणीभूते काले एव द्वितीयक्षणत्वव्यवहार इति ।

पूर्वसंयोगनाशेति । पूर्वसंयोगनाशमात्रस्य तृतीयक्षणोपाधित्वे पूर्वसंयोगनाशो-त्तरक्षणेऽपि तृतीयक्षणत्वापत्तिः । उत्तरसंयोगप्रागभावमात्रस्य 'तथात्वे च पूर्वसंयोग-नाशप्राक्कालेऽपि क्षणत्वापत्तिरत उभयमुपात्तम् ।

उत्तरसंयोगेति । उत्तरसंयोगमात्रस्योपाधित्वे उत्तरसंयोगानन्तरकालेऽपि चतुर्थ-

---

(काकपिण्डका संयोग) उसका आश्रय लाघवके कारण काल ही माना जाता है । किन्तु यदि काल भी एक ही माना जाय तो क्षण, दिन, मास और वर्ष आदि समयका भेद कैसे होगा । इसके उत्तरमें कहना है कि काल है तो एक ही किन्तु उपाधिके भेदसे क्षण आदि व्यवहार उसमें होता है । यहाँ क्षणकी उपाधिके चार लक्षण हैं ।

(१) वह कर्म जो अपने कर्मसे उत्पन्न होनेवाले विभागके प्रागभावसे अव-च्छिन्न हो । (२) वह विभाग जो पूर्वसंयोगसे अवच्छिन्न हो । (३) पूर्वसंयोगनाशसे अवच्छिन्न उत्तरदेशसंयोग का प्रागभाव और (४) उत्तरसंयोगसे अवच्छिन्न कर्म । यहाँ यह समझ लेना आवश्यक है कि पहले क्षणमें क्रिया, फिर क्रियासे विभाग, फिर पूर्व-संयोगनाश तब उत्तरदेशसंयोग तब क्रियाका नाश । यहाँ प्रथमक्षणकी क्रिया—वह कर्म है जो स्वयं उत्पन्न है किन्तु उससे उत्पन्न होनेवाले विभागके प्रागभावसे विशिष्ट है (अर्थात्

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नचोत्तरसंयोगानन्तरं क्षणव्यवहारो न स्यादिति वाच्यं, कर्मान्तरस्यापि सत्त्वादिति। महाप्रलये क्षणादिव्यवहारो यद्यस्ति तदानायत्या ध्वंसेनोपपादनीय इति दिनादिव्यवहारस्तु तत्तत्क्षणकूटैरेवेति।

दिशं निरूपयति—

दूरान्तिकादिधीहेतुरेका नित्या दिगुच्यते ॥ ४६ ॥

दूरत्वमन्तिकत्वं च दैशिकं परत्वमपरत्वं बोध्यम्। तद्बुद्धेरसाधारणं बीजं दिगेव। दैशिकपरत्वापरत्वयोरसमवायिकारणसंयोगाश्रयतया लाघवादेका दिक् सिध्यतीति भावः ॥ ४६ ॥

क्षणत्वं स्यात्। कर्ममात्रस्य तथात्वे च क्षणचतुष्टयेऽपि चतुर्थंक्षणत्वं स्यादत उपयोपादानम्। उपाधित्वं च परिचायकत्वम्।

अनायत्येति। अगत्येत्यर्थः। ध्वंसेनेवेति। स्ववृत्तिध्वंसप्रतियोगिप्रतियोगिकयावद्ध्वंसविशिष्टसमयस्यैव क्षणव्यवहारविषयत्वमिति भावः। स्वं प्रलयः तद्वृत्तिध्वंसप्रतियोगिनो ये घटपटादयो यावन्तो तेषां ध्वंसविशिष्टः समयः स एवेति समन्वयः।

दैशिकपरत्वेति। दैशिकपरत्वापरत्वे सासमवायिकारणके भावकार्यत्वात्, इत्य

विभाग नहीं उत्पन्न हुआ है। द्वितीयक्षणका विभाग—जो पूर्वक्षणमें संयोगविशिष्ट है। विभाग होनेके पूर्वक्षणमें वह संयुक्त था ही। तृतीयक्षण—पूर्वसंयोगके नाशसे विशिष्ट उत्तरदेशसंयोगका प्रागभाव है। क्योंकि पूर्वसंयोग नाश हो जाने पर और उत्तरदेशसंयोग होनेके पूर्व ही तृतीयक्षण है। चतुर्थक्षणमें उत्तरदेशसे संयोगविशिष्ट कर्म है। क्योंकि विभाग होनेके बाद उत्तरदेशसे संयोग हो गया है। इस प्रकार पाँचवें क्षणमें क्रियाका नाश हो जाता है। उपाधिका अर्थ है परिचायक।

यहाँ यह शंका करना नितान्त अनुचित है कि उत्तरदेशसंयोगके बाद क्षणव्यवहार नहीं करना चाहिए। क्योंकि दूसरे भी कर्म हैं जो क्षणव्यवहार करा देंगे और यदि महाप्रलयके समय भी क्षणव्यवहार होता है तो अगत्या प्रलयकालमें वर्तमान ध्वंसके प्रतियोगी जो घट, पट आदि पदार्थ उनके ध्वंससे विशिष्ट समयको ही क्षण मानना पड़ेगा। इसी प्रकार दिन आदिका व्यवहार भी उन-उन क्षणोंके समूहोंसे होगा।

दिशाका निरूपण करते हैं—

यह दूर है, यह समीपमें है इस बुद्धिका कारण दिक् पदार्थ है। वह एक और नित्य है दूरत्व और अन्तिकत्व ये दैशिक परत्व और अपरत्व हैं। उस परत्व और अपरत्व बुद्धिका असाधारण कारण दिक् है। (दिक् भी अनुमानसे सिद्ध है। जैसे—दैशिक परत्व और अपरत्वके भी समवायिकारण हैं, क्योंकि वह भावकार्य है, इस अनुमान से) दैशिक परत्व-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नन्वेकैव दिक् तदा प्राचीप्रतीच्यादिव्यवहारः कथमुपपद्यतामित्यत आह—

उपाधिभेदादेकापि प्राच्यादिव्यपदेशभाक् ।

यत्पुरुषस्य उदयगिरिसन्निहिता या दिक् सा तस्य प्राची । एवमुदयगिरिव्यवहिता या दिक् सा प्रतीची । एवं यत्पुरुषस्य सुमेरुसन्निहिता या दिक् सोदीची । तद्व्यवहिता त्ववाची । 'सर्वेषामेव वर्षाणां मेरुरुत्तरतः स्थितः' इति नियमात् ।

(आत्मानं निरूपयति—

आत्मेन्द्रियाद्यधिष्ठाता करणं हि सकर्तृकम् ॥ ४७ ॥

नुमानेन दैशिकपरत्वापरत्वयोरसमवायिकारणं । दिक्पिण्डसंयोगः सिध्यति तदाश्रयत्वेन च दिक् सिध्यतीति तदाशय इति भावः ॥ ४६ ॥

यत्पुरुषेति । पुरुषपदं मूर्तपरम् । तथा च यन्मूर्तापेक्षया उदयगिरिसन्निहितं यन्मूर्तं तन्मूर्तावच्छिन्ना दिक् तन्मूर्तापेक्षया प्राची । एवं यन्मूर्तापेक्षया उदयगिरिव्यवहितं यन्मूर्तं तन्मूर्तावच्छिन्ना दिक् तन्मूर्तापेक्षया प्रतीची । एवं यन्मूर्तापेक्षया सुमेरुगिरिसन्निहितं यन्मूर्तं तन्मूर्तापेक्षयोदीची । एवं यन्मूर्तापेक्षया सुमेरुगिरिव्यवहितं यन्मूर्तं तन्मूर्तावच्छिन्ना दिक् तन्मूर्तापेक्षया दक्षिणेति ।

वर्षाणां । देशानाम् ।

दीधितिकारास्तु । दिक्कालौ नेश्वरादतिरिच्येते मानाभावात् तत्तत्कालोपाधिदिगुपाधिविशिष्टेश्वरादेव क्षणादिप्राच्यादिव्यवहारसम्भवादित्याहुः ।

ननु स्वात्मनि स्वरूपत आत्मत्वस्य मानसप्रत्यक्षविषयत्वेऽपि अन्यात्मनोऽप्रत्य-

---

और अपरत्वका असमवायिकारण जो संयोग उसके आधारके रूपमें दिक् सिद्ध होती है, यह तात्पर्य है ॥ ४६ ॥

अब यह प्रश्न उठता है कि जब दिक् एक ही है तब पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण व्यवहार कैसे होगा । सुनिए,

उपाधियोंके भेदसे एक होने पर भी 'प्राची' आदि व्यवहारोंसे युक्त है ।

जिस पुरुषके लिए जो दिशा उदयाचलसे समीप है वह उसके लिये पूर्व दिशा है । और जो दिक् उदयाचलसे दूर है वह पश्चिम है । इसी प्रकार जिस पुरुषके लिए जो दिक् सुमेरुसे सन्निहित है वह उत्तर है और जो व्यवहित (दूर) है वह दक्षिण दिशा है । क्योंकि नियम है कि सुमेरुपर्वत सब देशोंसे उत्तरकी ओर स्थित है ।

आत्माका निरूपण करते हैं ।

इन्द्रिय आदि करणोंका अधिष्ठाता आत्मा है । क्योंकि जो करण होता है वह कर्ताकी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आत्मत्वजातिस्तु सुखदुःखादिसमवायिकारणतावच्छेदकतया सिद्ध्यति। ईश्वरेऽपि सा जातिरस्त्येव। अदृष्टादिरूपकारणाभावाच्च सुखदुःखाद्युत्पत्तिः, नित्यस्य स्वरूपयोग्यत्वे फलावश्यम्भाव इति नियमस्याप्रयोजकत्वात्।

परे त्वीश्वरे सा जातिर्नास्त्येव प्रमाणाभावात्। न च दशमद्रव्यत्वापत्तिः, ज्ञानवत्त्वेन विभजनादित्याहुः।

त्वेन सकलात्मसाधारणानुगतप्रत्ययासम्भव इति अनेकसमवेतत्वघटितजातित्वग्रहेऽनेकव्यक्तिग्रहहेतुतायाः सर्वसिद्धत्वादात्मत्वस्य स्वरूपतो ग्रहेऽपि तद्गतजातित्वं न प्रत्यक्षमत आत्मत्वस्य जातित्वेऽनुमानं प्रमाणयति—आत्मत्वजातिस्त्विति। समवायसम्बन्धावच्छिन्नसुखत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपिता या तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्नात्मनिष्ठा कारणता सा किञ्चिद्धर्मावच्छिन्ना कारणतात्वादित्यनुमानेनात्मत्वजातिसिद्धिरिति भावः।

नन्वीश्वरे सुखानुत्पादनेन सुखसमवायिकारणत्वस्य तत्राभावादीश्वरसाधारणी आत्मत्वजातिर्न सिध्येदिति चेद् न; फलोपधायकतारूपकारणताया तत्राऽसत्त्वेऽपि स्वरूपयोग्यतारूपकारणतायास्सत्त्वेन तदवच्छेदकतया सिध्यन्त्या आत्मत्वजातेरीश्वरसाधारण्यात्।

न च 'नित्यस्य स्वरूपयोग्यत्वे फलावश्यम्भावनियमेन' ईश्वरे स्वरूपयोग्यतारूपसुखकारणतायाः सत्त्वे कदाचित्सुखोत्पादेन भवितव्यमिति कदाचिदपि सुखोत्पादाभावः स्वरूपयोग्यताख्यकारणतामपि ततो निवर्तयतीति वाच्यम्।

जलपरमाणौ स्वरूपयोग्यतारूपकारणतायास्सत्त्वे स्नेहाद्युत्पादेन तादृशनियमस्याप्रयोजकत्वात्।

नन्वीश्वरे स्वरूपयोग्यतारूपकारणसत्त्वे सुखं कुतो नोत्पद्यते इति चेद् न मिथ्याज्ञानस्यादृष्टं प्रति हेतुता मुक्तात्मन्यदृष्टोत्पत्तिवारणायाङ्गीकर्त्तव्येति। मिथ्याज्ञानस्येश्वरेऽभावेन सुखकारणीभूतादृष्टासत्त्वेन सुखोत्पादासम्भवात्।

इत्याहुरिति। अत्रारुचिबीजं तु वेदस्थात्मपदस्य ज्ञानवति लक्षणापत्तिरेवेति बोध्यम्।

अपेक्षा करता है। आत्मत्व जाति तो अनुमान प्रमाणसे सिद्ध होती है। अनुमान का आकार मयूखमें लिखा है। वह जाति सुख दुःख आदिकी समवायिकारणताके अवच्छेदकके रूपमें सिद्ध होती है। यह आत्मत्व जाति ईश्वरमें भी है ही। किन्तु अदृष्ट आदि कारणोंके न होनेसे ईश्वरमें सुखदुःखकी उत्पत्ति नहीं होती। नित्य पदार्थके स्वरूपता योग्य होनेपर ही फल अवश्य होता है यह नियम अनुकूल तर्क न होनेसे अप्रयोजक है।

दूसरे लोगोंका मत है कि ईश्वरमें आत्मत्व जाति नहीं रहती क्योंकि कोई प्रमाण

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इन्द्रियादीति। इन्द्रियाणां शरीरस्य च परम्परया चैतन्यसम्पादकः।

यद्यप्यात्मनि 'अहं जाने, अहं सुखी' इत्यादिप्रत्यक्षविषयत्वमस्त्येव तथापि विप्रतिपन्नं प्रति प्रथमत एव शरीरादिभिन्नस्तत्प्रतीतिगोचर इति प्रतिपादयितुं न शक्यत इत्यतः प्रमाणान्तरं दर्शयति–करणमिति। कुठारादीनां छिदादिकरणानां कर्तारमन्तरेण फलानुपधानं दृष्टम्। एवं चक्षुरादीनां ज्ञानकरणानां फलोपधानमपि कर्तारमन्तरेण नोपपद्यत इत्यतिरिक्तः कर्ता कल्प्यते ॥ ४७ ॥

ननु शरीरस्यैव कर्तृत्वमस्त्वत आह—

शरीरस्य न चैतन्यं मृतेषु व्यभिचारतः।
तथात्वं चेदिन्द्रियाणामुपघाते कथं स्मृतिः ॥ ४८ ॥

ननु 'सति धर्मिणि धर्मा' इति न्यायेन आत्मसद्भावे एव किम्मानमत आह—

इन्द्रियाद्यधिष्ठातेति।

परम्परयेति। जनकता सम्बन्धेनेन्द्रियाणाम् अवच्छेदकतया सम्बन्धेन शरीरस्य चैतन्यं (ज्ञानवत्त्वं) बोध्यम् ॥ ४७ ॥

नहीं है और वह दशम द्रव्य भी नहीं कहा जा सकता। क्योंकि उक्त नियम मानने वाले अष्टम द्रव्यका विभाग आत्मत्व रूपसे नहीं करते किन्तु ज्ञानवत्त्वरूपसे ही विभाग करते हैं।

इन्द्रिय अंशपर विचार करते हैं—इन्द्रियों और शरीरका परम्परा सम्बन्धसे चैतन्यसम्पादक भी आत्मा है। विशेषता इतनी है कि जनकतासम्बन्धसे इन्द्रियोंका और अवच्छेदकतासम्बन्धसे शरीरके चैतन्यका (ज्ञानवत्त्वका) सम्पादक है।

यद्यपि आत्मा 'मैं जानता हूँ, मैं सुखी हूँ' इत्यादि रूपसे प्रत्यक्षका विषय होता ही है तथापि विरुद्धमतिवालोंको (अर्थात् जो आत्माका प्रत्यक्ष नहीं मानते) पहले ही यह नहीं बतलाया जा सकता कि शरीर आदिसे भिन्न आत्मा ही उस प्रतीतिका विषय है। इसलिए दूसरा प्रमाण दिखलाते हैं 'करणम्' इत्यादि अंशसे। जैसे कुठार आदि जो लकड़ी काटनेके साधन हैं वे कर्ता के बिना फलको उत्पन्न नहीं करते। वैसे नेत्र आदि भी जो ज्ञान के कारण हैं, वे भी कर्ताके बिना ज्ञानरूप फल उत्पन्न नहीं कर सकते। इसलिए अतिरिक्त कर्ता (आत्मा) की कल्पना की जाती है ॥ ४७ ॥

चार्वाक दर्शन—शरीरको ही कर्ता मानता है। अतः उसका प्रश्न है कि शरीर ही कर्ता क्यों न मान लिया जाय इसके उत्तर में कहना है कि—

शरीरमें चैतन्य नहीं मान सकते हैं। क्योंकि मरे हुए देहमें चैतन्य न रहनेसे

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ननु चैतन्यं ज्ञानादिकमेव, मुक्तात्मनां त्वन्मत इव मृतशरीराणामपि तदभावे का क्षतिः, प्राणाभावेन ज्ञानाभावस्य सिद्धेरिति चेन्न, शरीरस्य चैतन्ये बाल्ये विलोकितस्य स्थाविरे स्मरणानुपपत्तेः, शरीराणामवयवोपचयापचयैरुत्पादविनाशशालित्वात् ।

न च पूर्वशरीरोत्पन्नसंस्कारेण द्वितीयशरीरे संस्कार उत्पद्यत इति वाच्यम्, अनन्तसंस्कारकल्पने गौरवात् ।

एवं शरीरस्य चैतन्ये बालकस्य स्तन्यपाने प्रवृत्तिर्न स्यात्, इष्टसाधनताज्ञानस्य तद्धेतुत्वात्तदानीमिष्टसाधनतास्मारकाभावात् । मन्मते तु जन्मान्तरानुभूतेष्टसाधनत्वस्य तदानीं स्मरणादेव प्रवृत्तिः ।

त्वन्मत इवेति । यथा त्वन्मते (नैयायिकमते) मुक्तानां ज्ञानाभावेन ज्ञानाधिकरणस्वरूपं चैतन्यं नास्ति तथा मम (चार्वाकस्य) मतेऽपि मृतशरीरस्य न चैतन्यमिति भावः ।

ननु नैयायिकमते मुक्तानां ज्ञानाभावे प्राणविशिष्टात्मनो विरह एव प्रयोजकः, तव चार्वाकस्य मते मृतशरीराणां ज्ञानाभावे कः प्रयोजक इत्यत आह—प्राणाभावे-

---

व्यभिचार होता है। यदि इन्द्रियों का धर्म चैतन्य मान लिया जाय तब भी ठीक नहीं क्योंकि इन्द्रियोंके नष्ट हो जानेपर स्मृति कैसे होगी।

अब प्रश्न यह है कि (ज्ञान, इच्छा आदि) को ही चैतन्य कहते हैं और जैसे तुम्हारे नैयायिकोंके मतमें मुक्त आत्मामें ज्ञान इच्छा आदि नहीं रहती वैसे हमारे (चार्वाकके) मतमें मृत शरीरमें भी ज्ञान आदिके न रहने पर भी क्या हानि है? क्योंकि प्राणाभावसे ज्ञानाभावकी सिद्धि हो जायगी। किन्तु यह प्रश्न ठीक नहीं क्योंकि शरीरको चैतन्य मान लेनेसे बचपनमें देखी हुई वस्तुका बुढ़ापामें स्मरण नहीं होना चाहिए। कारण यह है कि देहोंके अवयवोंमें जो वृद्धि और ह्रास होते हैं उनसे यह मानना पड़ता है कि शरीर नया-नया उत्पन्न होता रहता है और नष्ट भी होता रहता है। और यह भी नहीं कहा जा सकता कि पहले देहसे उत्पन्न संस्कार से ही दूसरे देहमें संस्कार उत्पन्न होता है क्योंकि अनन्त संस्कारकल्पना करनेमें गौरव होगा। इसी प्रकार शरीरमें चैतन्य माननेमे बालककी स्तनसे दूध पीनेकी प्रवृत्ति नहीं होगी। क्योंकि प्रवृत्तिके लिए 'इसमें मेरा कल्याण है' यह ज्ञान होना आवश्यक है। उस समय (जब बालकको कोई ज्ञान नहीं है) इष्टसाधनताका स्मारक कोई नहीं है। मेरे (नैयायिक और वैशेषिकके) मतमें तो शरीरसे अलग नित्य आत्मा है जो बालकके देहमें है वह अपने पूर्वजन्ममें अनुभूत इष्टसाधनाको जन्मान्तरमें स्मरण करके ही प्रवृत्त होता है। यहाँ यह शङ्का नहीं करनी चाहिए कि

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न च जन्मान्तरानुभूतमन्यदपि स्मर्यतामिति वाच्यम्, उद्बोधकाभावात्। अत्र स्तनपायतया जीवनादृष्टमेवोद्बोधकं कल्प्यते।

इत्थं च संसारस्यानादितया आत्मनोऽनादित्वसिद्धावनादिभावस्य नाशासम्भवान्नित्यत्वं सिद्ध्यतीति बोध्यम्।

ननु चक्षुरादीनामेव ज्ञानादिकं प्रति करणत्वं कर्तृत्वं चास्तु, विरोधे साधकाभावादत आह—तथात्वमिति। चैतन्यमित्यर्थः। उपघाते-नाशे सति अर्थाच्चक्षुरादीनामेव।

कथमिति। पूर्वं चक्षुषा साक्षात्कृतानां चक्षुषोऽभावे स्मरणं न स्यात्, अनुभवितुरभावात्। अन्यदृष्टस्यान्येन स्मरणासम्भवात्। अनुभवस्मरणयोः सामानाधिकरण्येन कार्यकारणभावादिति भावः॥४८॥

ननु चक्षुरादीनां चैतन्यं मास्तु मनसस्तु नित्यस्य चैतन्यं स्यादत आह—

नेति। स्वन्मतापेक्षया लाघवात् प्राणाभावस्यैव ज्ञानाभावे प्रयोजकत्वोपगमो मन्मते (चार्वाकमते) इति भावः॥ ४८॥

जन्मान्तर में अनुभूत सब कुछ स्मरणमें आ जाना चाहिए क्योंकि कोई उद्बोधक (स्मरण दिलाने वाला) नहीं है। स्तनपानके बारेमें तो अगत्या जीवनका अदृष्ट ही स्मरण दिलाता है यह मानना पड़ता है।

इस प्रकार, संसारके अनादि होनेके कारण आत्मा भी अनादि सिद्ध हुआ और अनादि भावपदार्थका नाश होता नहीं, इसलिए आत्मा नित्य सिद्ध होता है।

हाँ, यह शंका हो सकती है कि नेत्र आदि इन्द्रियाँ ही ज्ञानके प्रति कारण और कर्ता दोनों क्यों न मान ली जाँय ? क्योंकि इसके विरोधमें कोई साधक युक्ति नहीं है। इसके उत्तरमें कहना है कि नेत्र आदिको चैतन्य मान लेनेसे नेत्र आदिके नष्ट हो जानेपर स्मृति कैसे होगी॥ ४८॥

कथम् आदि अंशकी व्याख्या करते हैं—नेत्रसे पहले देखे हुए पदार्थोंका नेत्रके नाश हो जानेपर स्मरण नहीं होगा। क्योंकि उस समय अनुभव करनेवाला (नेत्र) ही नहीं है और नेत्रसे देखे गए पदार्थोंका दूसरे इन्द्रियसे स्मरण हो नहीं सकता क्योंकि समान आश्रयमें रहनेवाले अनुभव और स्मरणमें कार्यकारणभाव माना गया है॥ ४८॥

यदि नेत्र आदि इन्द्रियोंमें चैतन्य न हो किन्तु मन तो नित्य है उसे चैतन्य माननेमें क्या हानि है इस प्रश्नके उत्तरमें कहते हैं कि—

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मनोऽपि न तथा ज्ञानाद्यनध्यक्षं तदा भवेत् ।
धर्माधर्माश्रयोऽध्यक्षो विशेषगुणयोगतः ॥ ४९ ॥

मनोऽपीति । न तथा न चेतनम् । ज्ञानादीति । मनसोऽणुत्वात्प्रत्यक्षे च महत्त्वस्य हेतुत्वान्मनसि ज्ञानसुखादिसत्त्वे तत्प्रत्यक्षानुपपत्तिरित्यर्थः । यथा मनसोऽणुत्वं तथा वक्ष्यते ।

नन्वस्तु विज्ञानमेवात्मा तस्य स्वप्रकाशरूपत्वाच्चेतनत्वम् , ज्ञानसुखादिकं तु तस्यैवाकारविशेषः तस्यापि भावत्वादेव क्षणिकत्वं पूर्वपूर्वविज्ञानस्योत्तरोत्तरविज्ञाने हेतुत्वात् सुषुप्तावप्यालयविज्ञानधारा निराबाधैव, मृगमदवासनावासितवसन इव पूर्वपूर्वविज्ञानजनितसंस्काराणामुत्तरोत्तरविज्ञाने संक्रान्तत्वान्नानुपपत्तिः स्मरणादेरिति चेत्—

वक्ष्यते इति । 'अयौगपद्याज्ज्ञानानां तस्याणुत्वमिहेष्यते' इति ग्रन्थेनेति शेषः ।

विज्ञानमेवेति । विज्ञानवादिमते वस्तुमात्रस्यैव विज्ञानरूपत्वाभ्युपगमेऽप्रस्तुतत्वादात्मेत्युक्तमिति नैतावता न्यूनत्वमाशङ्कनीयम् । द्विविधं हि विज्ञानं प्रवृत्तिविज्ञानमालयविज्ञानं च 'अयं घटः' इत्यादिप्रवृत्तिविज्ञानम् । अहमित्याकारकं ज्ञानम् आलय-विज्ञानम् । तदुक्तम्—

'तत्स्यादालयविज्ञानं यद्भवेदहमास्पदम् ।
तत्स्यात्प्रवृत्तिविज्ञानं नीलपीतादिकं भवेत्' ॥ इति ॥

मन भी चैतन्य नहीं है क्योंकि चेतन माननेपर ज्ञान आदिका प्रत्यक्ष नहीं होगा। अतः धर्म और अधर्मका आश्रय आत्मा माना जाता है। उसका प्रत्यक्ष सुख-दुःख आदि विशेष गुणोंके सम्बन्धसे होता है।

'मनोऽपि' इसकी व्याख्या करते हैं कि मन चेतन नहीं है क्योंकि मन. अणुपरिमाणवाला है। प्रत्यक्ष होनेमें महत्परिमाणको,कारण माना गया है। यदि मनमें ज्ञान और सुख आदि मान लिए जायँ तो इनका प्रत्यक्ष ही न हो सकेगा। मनके अणु परिमाण का प्रकार हम ८५ कारिकाकी व्याख्यामें बतलायेंगे।

क्षणिक विज्ञानात्मवादिमत

योगाचार बौद्धोंका मत है कि—आत्मा नामका अलग द्रव्य न मानकर विज्ञानको ही आत्मा मान लेना चाहिए। यह विज्ञान स्वयं प्रकाशरूप है अतः चेतन है। (यह विज्ञान दो प्रकारका है एक प्रवृत्तिविज्ञान दूसरा आलयविज्ञान। 'यह घट है' यह ज्ञान प्रवृत्ति विज्ञान है और 'मैं' यह ज्ञान आलय-विज्ञान है। ज्ञान और सुख आदि भी उसी विज्ञानके विशेष आकार हैं। विज्ञान एक भावपदार्थ है इसलिए क्षणिक है। किन्तु पूर्व-पूर्व

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न, तस्य जगद्विषयकत्वे सर्वज्ञत्वापत्तिः। यत्किञ्चिद्विषयकत्वे विनिगमनाविरहः। सुषुप्तावपि विषयावभासप्रसङ्गाच्च। ज्ञानस्य सविषयत्वात्। तदानीं निराकारा चित्सन्ततिरनुवर्तत इति चेन्न, तस्याः स्वप्रकाशत्वे प्रमाणाभावात्। अन्यथा घटादीनामपि ज्ञानत्वापत्तिः।

न चेष्टापत्तिर्विज्ञानव्यतिरिक्तवस्तुनोऽभावादिति वाच्यं, घटादेरनुभूयमानस्यापलपितुमशक्यत्वात्।

क्षणिकविज्ञानात्मवादिमतखण्डनम्।

ननु—विज्ञानमेवात्माऽस्तु किं ज्ञानाश्रयस्यात्मनः स्वीकारेण; तस्य स्वप्रकाशरूपत्वाच्चेतनम्। ज्ञानसुखादिकं तु विज्ञानस्यैवाकारविशेषः। विज्ञानं च भावः। एवञ्च भावाः क्षणिकाः भावत्वात् दीपशिखावत् इत्यनुमानेन तस्य क्षणिकत्वम् तथा च क्षणिकविज्ञानमात्मेति पर्यवसन्नम्।

न च सुषुप्तावात्मा न सिध्येत् पूर्वोत्पन्नविज्ञानस्य क्षणिकत्वेन नष्टत्वात्तदानीं पुरीतद्देशावच्छेदेन मनःसंयोगस्य सत्त्वेन ज्ञानकारणीभूतत्वङ्मनोयोगस्यासत्त्वेन विज्ञानान्तरस्योत्पत्तुमशक्यत्वादिति वाच्यम्, सुषुप्तौ घटः पट इति प्रवृत्तिविज्ञान·

विज्ञान अगले-अगले विज्ञान में कारण है। अतः सुषुप्ति-कालमें भी आलयविज्ञानकी धारा निर्बाध चलती ही रहती है। मृगमदकी (कस्तूरीकी) सुगन्धसे सुगन्धित वस्त्रके समान पूर्व-पूर्व विज्ञानसे उत्पन्न संस्कार आगे वाले विज्ञानोंमें चले जाते हैं। अतः पूर्व विज्ञानमें उत्पन्न संस्कार का अगले विज्ञान में ले जाने में किसी प्रकारकी बाधा नहीं है।

क्षणिक-विज्ञानात्मवादका खण्डन

किन्तु यह मत ठीक नहीं। क्योंकि विज्ञान आत्मा नहीं बन सकता। जैसे—विज्ञानको आत्मा माननेवाले सर्वजगद्विषयक विज्ञानको आत्मा मानते हैं, या किसी विशेषवस्तुविषयक विज्ञानको आत्मा मानते हैं, या निर्विषयक विज्ञानको आत्मा मानते हैं। यदि जगद्विषयक विज्ञान को आत्मा मानते हैं तो वह आत्मा सर्वज्ञ हो जायगा। यदि किसी विशेषवस्तुविषयक विज्ञानको आत्मा मानते हैं तो निर्णायक युक्ति न होनेके कारण किसे आत्मा माना जाय किसे न माना जाय यह निर्णय न हो सकेगा। जिससे सुषुप्ति-काल में भी विषयोंका ज्ञान होने लगेगा। क्योंकि ज्ञान सविषयक होता है। यदि निर्विषयक विज्ञानको आत्मा मानते हैं तो उसमें कोई प्रमाण नहीं है। यदि यह कहा जाय कि सुषुप्ति कालमें निराकार चेतनकी सन्तति (परम्परा = धारा) चलती है तो यह भी कहना ठीक नहीं, क्योंकि उसके स्वप्रकाश होनेमें प्रमाण नहीं है। यदि प्रमाणके बिना भी उक्त धाराको निर्विषयक मानते हैं तो घट आदि भी विज्ञान होने लगेंगे। वस्तुमात्रको विज्ञान माननेवाले बौद्धोंके मतमें घटके ज्ञान होनेमें कोई आपत्ति नहीं, यह कहना भी उचित नहीं। क्योंकि

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आकारविशेष एवायं विज्ञानस्येति चेत्, किमयमाकारोऽतिरिच्यते विज्ञानात्तर्हि समायातं विज्ञानव्यतिरिक्तेन। नातिरिच्यते चेत्तर्हि समूहालम्बने नीलाकारोऽपि पीताकारः स्यात्। स्वरूपतो विज्ञानस्याविशेषात्।

अपोहरूपो नीलत्वादिर्विज्ञानधर्म इति चेन्न, नीलत्वादीनां विरुद्धा-

---

स्यासत्त्वेऽपि अहमित्याकारकालयविज्ञानस्य सत्त्वेन विज्ञानरूपात्मसिद्धेः।

ननु विज्ञानस्यात्मत्वे तस्य क्षणिकत्वेन तदाश्रितसंस्कारस्यापि क्षणिकत्वात् कालान्तरे स्मरणं न स्यादिति चेद् ? न मृगमदेन (कस्तूर्या) वासिते वसने कस्तूर्या अपनयनेऽपि यथा गन्ध उपलभ्यते तथा पूर्वपूर्वविज्ञानजनितसंस्काराणां पूर्वपूर्वविज्ञाननाशेऽपि उत्तरोत्तरविज्ञाने सङ्क्रमेण स्मरणोपपत्तेरिति चेद्, न विज्ञानस्यात्मत्वासम्भवात्। तथाहि, विज्ञानमात्मेति वदतस्तव जगद्विषयकं यत्किञ्चिद्विषयकं निर्विषयकं वा विज्ञानमात्मेत्यभिमतम्।

नाद्यः, आत्मनां सर्वज्ञत्वापत्तेः।

न द्वितीयः, विनिगमनाविरहेण किंविषयकं विज्ञानमात्मा किंविषयकं नेत्यनिर्णयापत्तौ सुषुप्तावपि विषयावभासप्रसङ्गाच्च।

न तृतीयः निर्विषयस्य ज्ञानत्वे मानाभावात् अन्यथा निर्विषयत्वाविशेषाद्घटादीनामपि ज्ञानत्वं स्यात्। नचेष्टापत्तिस्तन्मते वस्तुमात्रस्यैव विज्ञानरूपत्वाभ्युपगमादिति वाच्यम्, विज्ञानव्यतिरिक्तत्वेनानुभूयमानस्य घटादेरपलपितुमशक्यत्वात्।

नन्वाकारविशेष एव विज्ञानस्य घटादिरिति चेदुच्यते आकारस्य विज्ञानातिरिक्तत्वे वस्तुमात्रस्य विज्ञानरूपत्वप्रतिज्ञाभङ्गः अनतिरिक्तत्वे नीलपीते इति समूहालम्बनस्थले नीलाकारोऽपि पीताकारः स्यात् स्वरूपतो विज्ञानस्याविशेषात्।

न च नीलत्वादिजातेस्तैरनङ्गीकारेऽपि अपोह्यते इति अपोहः अतद्व्यावृत्तिः अर्थात् नीलेतराभावः तद्रूपं नीलत्वं स्वीक्रियते तदेव विज्ञानधर्म इति न दोष इति

विज्ञानसे अतिरिक्त प्रतीत होनेवाले पदका लोप नहीं किया जा सकता।

यदि कहा जाय कि घट आदि पदार्थ विज्ञानका विशेष आकार है तो प्रश्न उठता है कि—क्या यह आकार विज्ञानसे अतिरिक्त है। यदि हाँ तो विज्ञानसे अतिरिक्त बाह्य वस्तुका होना सिद्ध हो गया। यदि आकार विज्ञानसे अतिरिक्त नहीं मानते तो 'नीलपीत' इस समूहालम्बनात्मक ज्ञानके स्थलमें नील आकार भी पीत-आकार होगा, क्योंकि स्वरूपतः विज्ञान एक ही है। यदि नीलत्व आदि जातिके न माननेपर भी (अपोह) अतद्व्यावृत्ति (नीलसे इतरका अभाव) रूप ही नीलत्वको स्वीकार करके उसे ही विज्ञान धर्म माननेमें दोष

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नामेकस्मिन्नसमावेशात्। इतरथा विरोधावधारणस्यैव दुरुपपादत्वात्, न वा वासनासङ्क्रमः सम्भवति, मातृपुत्रयोरपि वासनासङ्क्रमप्रसङ्गात्।

न चोपादानोपादेयभावो नियामक इति वाच्यम्। वासनायाः सङ्क्रमासम्भवात्।

उत्तरस्मिन्नुत्पत्तिरेव सङ्क्रम इति चेन्न, तदुत्पादकाभावात्। चितामेवोत्पादकत्वे संस्कारानन्त्यप्रसङ्गः। क्षणिकविज्ञानेऽतिशयविशेषः कल्प्यत इति चेन्न, मानाभावात्कल्पनागौरवाच्च।

वाच्यम्, समूहालम्बनात्मकविज्ञाने विरुद्धयोर्नीलत्वपीतत्वयोः समावेशासम्भवात्।

न च समूहालम्बनेन न नीलत्वेन वा पीतत्वमभ्युपगम्यते अपि तु चित्रत्वमेव तथा च न दोष इति वाच्यम्, एवमपि मात्राऽनुभूतस्य गर्भस्थेन स्मरणापत्तिभिया पूर्वविज्ञानवासनासङ्क्रमस्योत्तरविज्ञाने उपपादयितुमशक्यत्वेन कालान्तरेऽनुभूतस्य कालान्तरे स्मरणस्योपपादयितुमशक्यत्वात्।

न चोपादानोपादेयभावो वासनासङ्क्रमे प्रयोजक इति वाच्यम् वासनायाः सङ्क्रमासंभवात्।

न च पूर्वविज्ञानेन उत्तरविज्ञानं वासनाविशिष्टमेवोत्पद्यते इति वाच्यम्। वासनाया उत्पादकासम्भवादिति क्षणिकविज्ञानं नात्मेति सिद्धम्॥

नहीं है यह कहा जाय तो ठीक नहीं। क्योंकि समूहालम्बनात्मक विज्ञानमें विरुद्ध नीलत्व और पीतत्वका एक वस्तु में रहना सम्मत नहीं। यदि यह बात न मानी जाय तो विरोधका निश्चय करना कठिन हो जायगा और वासनाका संक्रम जैसा पहले कहा गया है नहीं हो सकता। क्योंकि माताकी वासनाका पुत्रमें सञ्चार होने लगेगा। यदि बौद्ध कहें कि उपादानगत वासनाका सञ्चार उपादेयमें होता है और माता पुत्रकी निमित्तकारण है जिससे वासनाका संक्रम नहीं होता तो ठीक नहीं। क्योंकि वासनाका संक्रम कहीं भी हो सकता नहीं। यदि कहा जाय कि अगले विज्ञानमें वासनाकी उत्पत्ति ही संक्रम है तो यह भी ठीक नहीं, क्योंकि उस विज्ञानमें वासनाका उत्पादक कोई है ही नहीं। यदि विज्ञान को ही उत्पादक मान लें तो ठीक नहीं क्योंकि अनन्त संस्कार मानना पड़ेगा।

यदि यह माना जाय कि क्षणिक विज्ञानमें एक अतिशय उत्पन्न हो जाता है तो भी ठीक नहीं, क्योंकि अतिशय (विशेषता) उत्पन्न होनेमें कोई प्रमाण नहीं। यदि कहा जाय कि अनन्तवासनाकी कल्पना नहीं करनी पड़ेगी यही प्रमाण है तो भी ठीक नहीं, क्योंकि क्षणिक विज्ञानवादीको जिन विज्ञानोंमें जिन वस्तुओंका स्मरण होगा उसके पूर्ववाले विज्ञानमें उन पदार्थोंका संस्कार और उनकी उत्पत्तिके अनुकूल शक्तिकी भी कल्पना करनी पड़ेगी

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतेन क्षणिकशरीरेष्वेव चैतन्यं प्रत्युक्तं गौरवादतिशये मानाभावाच्च। बीजादावपि सहकारिसमवधानासमवधानाभ्यामेवोपपत्तेः कुर्वद्रूपत्वाकल्पनात्।

अस्तु तर्हि क्षणिकविज्ञाने गौरवान्नित्यविज्ञानमेवात्मा, अविनाशी वाऽरेऽयमात्मा सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इत्यादिश्रुतेरिति चेद्? न तस्य

ननु क्षणिकशरीरमेवात्माऽस्तु इति चेद् न गौरवात् वासनासङ्क्रमासम्भवेन स्मरणाद्युपपत्तेश्च।

ननु क्षेत्रस्थबीजादङ्कुरोत्पत्तिर्भवति कुसूलस्थबीजान्न भवति अतोऽङ्कुरत्वावच्छिन्नं प्रति कुर्वद्रूपत्वेन कारणता स्वीक्रियते। कुर्वद्रूपत्वं च अङ्कुरजनकतावच्छेदकतया सिद्धो जातिविशेषः। स च फलोपधायके क्षेत्रस्थबीजे एव स्वीक्रियते न कुसूलस्थबीजे। एवं क्षणिकविज्ञाने क्षणिकशरीरे वा कुर्वद्रूपत्वेनैव उत्तरविज्ञाने उत्तरशरीरे वा वासनोत्पादकत्वं वाच्यमिति चेद् न, धरणिसलिलसंयोगादिरूपकारणसमवधानेऽङ्कुरोत्पादो न तदभाव इत्येव सिद्धे कुर्वद्रूपत्वेन कारणताङ्गीकारे मानाभावादित्यलम्।

जिससे गौरव ही होगा। इस प्रकार क्षणिक शरीरको आत्मा मानना भी खण्डित हो गया क्योंकि गौरव होनेके कारण किसी प्रकारका अतिशय नहीं माना जा सकता।

अब यह शङ्का रहती है कि जैसे खेतके बीजमें अङ्कुर जमता है और कुठले में रक्खे बीजमें अङ्कुर नहीं जमता इसलिए अङ्कुरके प्रति कुर्वद्रूपत्वेन बीज कारण होता है। फलको उत्पन्न करनेकी शक्तिको 'कुर्वद्रूपता' कहते हैं। वह एक प्रकारका धर्म है। यह धर्म खेतमें पड़े बीजमें है और कुठलेमें स्थित बीजमें नहीं माना जाता है। वैसे क्षणिक विज्ञान या क्षणिक शरीरमें कुर्वद्रूपताके द्वारा उत्तर विज्ञानमें या उत्तर विज्ञानमें वासनाकी उत्पत्ति मान लेनेमें क्या हानि है। ठीक; किन्तु जब बीजके विषयमें सहकारी (धरणीजलसंयोग आदि) कारणोंके रहनेपर अङ्कुरकी उत्पत्ति और न रहनेपर अंकुरकी उत्पत्ति नहीं इसी प्रकार माननेसे कार्य चलता है। तब 'कुर्वद्रूपता' नामके धर्मको कारण मानने में कोई प्रमाण नहीं है।

नित्यविज्ञानात्मवादिवेदान्तिमत और खण्डन

अस्तु, यदि क्षणिक विज्ञानको आत्मा माननेपर वासनासंक्रम न हो सकनेके कारण स्मरण नहीं होगा तब नित्यविज्ञानको आत्मा मान लिया जाय। क्योंकि श्रुति कहती है कि 'अरे, यह आत्मा अविनाशी है, ब्रह्म सत्यज्ञानस्वरूप और अनन्त है।' किन्तु यह अद्वैतवेदान्तियोंका मत ठीक नहीं है क्योंकि उस ब्रह्म का सविषयक होना असम्भव है। यह बौद्धमत खण्डनके अवसरपर कह दिया है। वैसे जगद्विषयक विज्ञान आत्मा है या

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सविषयत्वासम्भवस्य दर्शितत्वात्। निर्विषयस्य ज्ञानत्वे मानाभावात्स-विषयत्वस्याप्यननुभवात् अतो ज्ञानादिभिन्नो नित्य आत्मेति सिद्धम्।

'सत्यं ज्ञानमि'ति हि ब्रह्मपरं जीवेषु नोपयुज्यते। ज्ञानाज्ञानसुखित्वा-दिभिर्जीवानां भेदसिद्धौ सुतरामीश्वरभेदः अन्यथा बन्धमोक्षव्यवस्था-नुपपत्तिः। योऽपीश्वराभेदबोधको वेदः सोऽपि तदभेदेन तदीयत्वं प्रतिपादयन् स्तौति। अभेदभावनयैव यतितव्यमिति वदति। अत एव

नित्यविज्ञात्मवादिवेदान्तिमतखण्डनम्।

ननु क्षणिकविज्ञानस्यात्मत्वे वासनासङ्क्रमासम्भवेन स्मरणानुपपत्तिरतो नित्य-विज्ञानमेवात्मास्तु। न च ज्ञानस्य नित्यत्वे मानाभाव इति वाच्यम् 'अविनाशी वा अरेऽयमात्मा सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' इति श्रुतेरेव मानत्वादिति चेत्—

न, विज्ञानस्यात्मत्वासम्भवात्। तथाहि, जगद्विषयकं यत्किञ्चिद्विषयकं निर्विष-यकं वा विज्ञानमात्मा? नाद्यः; जीवात्मनां सर्वज्ञत्वापत्तेः। न द्वितीयः विनिगमका-भावप्रसङ्गात्। न तृतीयः निर्विषयकस्य ज्ञानत्वे मानाभावात् आत्मनां ज्ञानरूपत्वे सविषयकत्वेनानुभवापत्तेश्च। तस्माज्ज्ञानादिभिन्नो नित्य आत्मेति सिद्धम्।

न च 'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म' 'नित्यं विज्ञानमानन्दं ब्रह्म' इत्यादिश्रुतिभिर्ज्ञान-रूपता आत्मन आस्थीयते इति वाच्यम्, 'यः सर्वज्ञः स सर्ववित्' 'आनन्दं ब्रह्मणो

यत्किञ्चित्विषयक विज्ञान आत्मा है या निर्विषयक विज्ञान आत्मा है यदि जगद्विषयक विज्ञानको आत्मा मानते हो तो आत्माको सर्वज्ञ होना चाहिए। यदि यत्किचिद्विषयक विज्ञानको आत्मा मानते हो तो किसको आत्मा मानें, किसे न मानें, इस प्रकारकी किसी युक्तिके न होनेसे विनिगमनाविरहदोष होगा। यदि निर्विषयक विज्ञानको आत्मा माने तो उसमें कोई प्रमाण नहीं। यदि आत्माको ज्ञानरूप मान लें तो सविषयक आत्माका अनुभव होना चाहिए, किन्तु होता नहीं है। इसलिए ज्ञान आदिसे भिन्न नित्य आत्मा सिद्ध होता है।

'सत्यं ज्ञानं' इस श्रुतिमें जो आत्माको ज्ञानस्वरूप और सत्य कहा है वह ब्रह्मके लिए कहा गया है उसे जीव पर लगाना उपयुक्त नहीं। क्योंकि ज्ञान और अज्ञान, सुख और दुःख आदिसे युक्त होने न होनेसे जीवोंमें जब परस्पर भेद सिद्ध है तब जीवसे और ईश्वर से भेद तो सुतरां सिद्ध है। जीवात्माओंमें भेद न माननेसे तो बन्ध और मोक्षकी व्यवस्था भी नहीं बन सकेगी। इसी प्रकार जो ईश्वर और जीवमें अभेद बतलाने वाले 'अहं ब्रह्मास्मि, तत्त्वमसि' इत्यादि वेद-वाक्य हैं वे भी उस ईश्वर से अभेद बतलाकर जीवात्मामें परमात्माका सम्बन्ध बतलाते हुए स्तुति करते हैं। (अर्थात् अभेद भावना रखकर यत्न करना चाहिए यह ही कहा गया है।) इसीलिए 'सब ही आत्मामें समर्पित है' यह श्रुति भी कहती है। 'मोक्षदशामें अज्ञानकी निवृत्ति हो जाने

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

